वर्ष : 33 अंक : 167 पृष्ठ : 8 मुंबई, रविवार, 1 सितंबर 2024 RNI: MAHHIN/49994/91 मूल्य : 3 रुपए epaper.dobajedopahar.com संपादक : अरुण लाल

# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

# आज महाराष्ट्र में चढ़ेगा सियासी पारा

## आक्रोश की सियासी लहर के बीच जूता मारो आंदोलन

- हुतात्मा चौक से छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति तक मार्च निकालेंगे
- महायुति सरकार को घेरने का कोई भी मौका नहीं छोड़ना चाहती एमवीए
- शरद पवार, उद्धव ठाकरे और नाना पटोले ने मातोश्री में बैठक कर लिया फैसला

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की 35 फुट ऊंची मूर्ति गिरने के बाद से महाराष्ट्र में सियासी उबाल शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। मामला बढ़ा तो



सूबे के मुखिया हों या मूर्ति का अनावरण करने वाले प्रधानमंत्री मोदी सबने इसके लिए माफी मांगी है, लेकिन विपक्ष इस बार सरकार को छोड़ने के बिल्कुल मूड में नहीं है। इस घटना के विरोध में महाविकास अघाड़ी ने आंदोलन का ऐलान कर दिया है और इसका नाम 'जूता मारो आंदोलन' रखा है।

### हुतात्मा चौक से अभिवादन करके की जाएगी आंदोलन की शुरूआत

*एक सितंबर को महाविकास आघाडी की ओर से सरकार को 'जूता मारो' आंदोलन किया जाएगा। इस आंदोलन की शुरूआत फोर्ट के हुतात्मा चौक से अभिवादन करके की जाएगी। साथ ही गेट-वे ऑफ इंडिया से छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के निकट तक दुर्घटना का निषेध करके सरकार को जूते मारे जाएंगे।*

### दोपहर मतः महंगा पड़ा है शिवाजी महाराज पर सियासी विवाद

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि जब-जब छत्रपति शिवाजी महाराज पर कोई सियासी विवाद हुआ है, तब-तब राज्य सरकारों को उसका खामियाजा भुगतना पड़ा है। इसीलिए महाविकास अघाड़ी इस प्रकरण का इस्तेमाल एनडीए सरकार के खिलाफ हवा बनाने में कर रहा है। माना जा रहा है कि शिवाजी महाराज की प्रतिमा खंडित होने के बाद राज्य में बड़े पैमाने पर सरकार के खिलाफ आक्रोश है और उसी को देखते हुए विपक्षी गठबंधन सरकार को जूते मारो आंदोलन शुरू करने जा रही है। महायुति को भी इस बात का अहसास है कि लोगों के बीच गुस्सा है, इसलिए पहले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री अजित पवार और और फिर पीएम मोदी ने माफी मांगकर इस मामले को रफा-दफा करना चाहा लेकिन यह विवाद धीरे-धीरे गहराता जा रहा है। सीएम शिंदे ने डैमेज कंट्रोल करने के लिए एक कमेटी बनाने का भी ऐलान किया है।

### शरद पवार और उद्धव भी रहेंगे मौजूद



बताया गया है कि इसमें शिवसेना-यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे, एनसीपी-एसपी के अध्यक्ष शरद पवार, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले समेत सभी प्रमुख नेता मौजूद रहेंगे। उद्धव ठाकरे ने महाविकास आघाडी की तरफ से इस आंदोलन में तमाम शिवप्रेमियों से शामिल होने की अपील की है। बता दें कि उद्धव ठाकरे ने हाल में सरपंचों को संबोधित किया था जिसमें इस सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया गया था।

इतना पागलपन!

# गोमांस ले जाने के शक में 72 साल के बुजुर्ग की बेरहमी से पिटाई

## आरोपियों ने लात-घूंसे मारे और जमकर की गाली गलौज

दोपहर संवाददाता | मुंबई

हरियाण के बाद अब महाराष्ट्र में भी गोमांस ले जाने के शक में पिटाई का मामला सामने आया है। महाराष्ट्र के नासिक जिले में इगतपुरी के समीप एक एक्सप्रेस ट्रेन में गोमांस ले जाने के संदेह में एक बुजुर्ग व्यक्ति की उसके सहयात्रियों ने कथित तौर पर पिटाई कर दी, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। चलती ट्रेन में इन लोगों ने बुजुर्ग की उम्र तक का लिहाज नहीं किया और उनके साथ बुरी तरह से गाली गलौज की साथ ही लात-घूंसे भी मारे। बुजुर्ग अपनी बेटी के घर जा रहे थे। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज करते हुए सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### जीआरपी ने दी मामले की जानकारी

इस मामले को लेकर ठाणे की जीआरपी पुलिस ने जानकारी दी है कि यात्रियों को शक था कि बुजुर्ग व्यक्ति पर अवैध रूप से गोमांस ले जा रहे हैं, जिसके चलते उन लोगों ने बुजुर्ग पर हमला बोल दिया। इन लोगों ने बुजुर्ग को उन्होंने उसे लात-घूंसे मारे, गाली-गलौज की और मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया, जिसके बाद यह वायरल हो गया।

### 5 से ज्यादा लोगों के खिलाफ एफआईआर



### 28 अगस्त की है घटना

दरअसल, बुजुर्ग के साथ मारपीट और अमानवीयता की यह घटना 28 अगस्त की है, जब बुजुर्ग धुले-सीएसएमटी एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे थे। वे मूल रूप से जलगांव के रहने वाले हैं, और अपनी बेटी से मिलने कल्याण जा रहे थे। यात्रा के दौरान नासिक रोड रेलवे स्टेशन से ट्रेन के रवाना होने और इगतपुरी पहुंचने से पहले कुछ लोगों ने सीट को लेकर उनसे झगड़ा किया था। इसके बाद ही बुजुर्ग के साथ मारपीट की गई।

### ट्रेन से उतरने को लेकर भी किया परेशान

*पुलिस ने आज शनिवार को वीडियो वायरल होने के बाद कुछ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की, जो कि इस मामले में शामिल थे। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद बताया कि बुजुर्ग गाय का नहीं बल्कि भैंस का मांस ले जा रहे थे, जो कि प्रतिबंधित नहीं हैं। जानकारी के मुताबिक ये आरोपी बुजुर्ग को इतना ज्यादा परेशान कर रहे थे, कि उन्होंने बुजुर्ग को कल्याण स्टेशन पर उतरने तक नहीं दिया। ठाणे में जब सभी लोग ट्रेन से उतरकर चले गए, तो बुजुर्ग कल्याण में अपनी बेटी के घर गए।*

### बुजुर्ग के साथ मारपीट के बाद एक्शन में पुलिस

जीआरपी के अधिकारी ने बताया कि घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस की एक टीम बुजुर्ग के घर पहुंची और उन्हें शिकायत दर्ज कराने के लिए राजी किया और उनके बयान के आधार पर केस दर्ज कराया गया है। मुंबई में वरिष्ठ जीआरपी अधिकारियों ने बताया कि धुले में दो या तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और उन्हें ठाणे लाया जा रहा है, जहां घटना में उनकी भूमिका स्थापित होने के बाद उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### गोमांस के शक में मजदूर की पीटकर हत्या

हरियाणा के चरखी दादरी जिले में एक प्रवासी मजदूर की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि गोमांस खाने के शक में गोरक्षक समूह ने यह हत्या की। पुलिस ने शनिवार को बताया कि मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। सात लोगों पर केस दर्ज किया गया है। दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल के रहने वाले साबिर मलिक के रूप में हुई है। घटना 27 अगस्त की बताई जा रही है। साबिर जिले के बांद्रा गांव के पास एक झुग्गी में रहता था। वह अपनी कचरा बीनने का काम करता था।

# सरकार बिजनेसमैन के साथ खड़ी रहेगी :भजनलाल शर्मा

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई के नरीमन प्वाइंट के ट्राइडेंट होटल में शुक्रवार को राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का पहला आयोजन किया गया। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उद्योग जगत को राजस्थान में निवेश के लिए आमंत्रित किया।





### धानोल के एमडी गोसेवक नरेन्द्र पुरोहित से राजस्थान में सोलर एनर्जी को लेकर हुई चर्चा

इस अवसर पर धानोल के एमडी गोसेवक नरेन्द्र पुरोहित से राजस्थान में सोलर एनर्जी को लेकर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने नरेन्द्र पुरोहित को राजस्थान में सोलर बिजनेस को लेकर इन्वेस्टमेंट करने का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बिजनेसमैन के साथ खड़ी रहेगीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आएं हम मिलकर राज्य का विकास करें।

### 25 आईएएस अधिकारी नियुक्त

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार ने निवेशकों के साथ नियमित संपर्क में रहने के लिए 25 आईएएस अधिकारियों को नियुक्त किया है। ये अधिकारी विश्व के प्रमुख देशों और भारत के बड़े शहरों में निवेशकों के साथ नियमित संपर्क में रहेंगे। इन अधिकारियों का मुख्य कार्य निवेशकों की समस्याओं का समाधान करना और उन्हें राज्य में निवेश के लिए प्रोत्साहित करना है।

### 4.50 लाख करोड़ रुपए के निवेश के एमओयू साइन


समिट के दौरान 4.50 लाख करोड़ रुपए के निवेश के एमओयू साइन किए गए। मुख्यमंत्री के इस आयोजन से राजस्थान में 6.78 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान वेबसाइट का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 5 वर्षों में राजस्थान की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य राज्य के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा और निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाएगा। प्रदेश सरकार निवेशकों को सर्वोत्तम सुविधाएं और सहायता प्रदान करने के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है।

# सहमे सहमे से 'पवार' नजर आते हैं

*अब बीजेपी नेता गणेश हाके ने कहा - राकांपा अजित गुट से गठबंधन भाजपा का दुर्भाग्य*

दोपहर संवाददाता | मुंबई

प्रदेश में सत्तारूढ़ महायुति के घटक दल शिवसेना (शिंदे) के बाद अब भाजपा में राकांपा (अजित) से गठबंधन को लेकर नाराजगी समाने आई है। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता गणेश हाके को राकांपा (अजित) के साथ गठबंधन पसंद नहीं आ रहा है। हाके ने कहा कि भाजपा का दुर्भाग्य है कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए राकांपा (अजित) के साथ गठबंधन है। हाके के बयान को लेकर राकांपा (अजित) के अध्यक्ष तथा उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने पलटवार करते हुए भाजपा को चेताया है। लातूर के एक बैठक में हाके ने कहा कि साल 2024 के विधानसभा चुनाव के लिए दुर्भाग्य



से भाजपा का राकांपा (अजित) के साथ गठबंधन है। लेकिन सच्चाई यह है कि यह गठबंधन न तो राकांपा (अजित) को रास आया है और न ही भाजपा को ठीक लगा है।

### बयानबाजी पर डिफेंसिव रुख

महायुति में आपसी बयानबाजी को लेकर राकांपा नेता व उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा है कि ये बातें उनके लिए अधिक महत्व नहीं रखती है। उन्होंने कहा-राकांपा के नेताओं के विरोध में महायुति के कुछ नेता बोल रहे हो तो मेरे कार्यकर्ता विरोध में अलग अलग वक्तव्य दे सकते हैं।

# महिलाओं पर अत्याचार करने वाले को नहीं छोड़ेंगे : सीएम

दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के नागपुर में आज (31 अगस्त) लाडली बहन योजना के सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसमें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, दोनों उपमुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी उपस्थित थे। साथ ही हजारों की संख्या में लाडली बहनें भी मौजूद थीं। इन बहनों ने मुख्यमंत्री-उपमुख्यमंत्री को राखी बांधी साथ ही उन पर फूलों कि बारिश भी की। इस दौरान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने लाडली बहनों को संबोधित भी किया। उन्होंने लाडली बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि जहां एक तरफ हमने बहनों के लिए लाडली बहन योजना शुरू की है। तो वहीं, दूसरी तरफ महिलाओं की सुरक्षा को हम सुनिश्चित करेंगे। जो मेरी मां, बहनों पर अत्याचार और अन्याय करेगा। उस फांसी की सजा होगी। हम कोर्ट में जाकर उसके लिए फांसी की सजा की मांग करेंगे। गुनहगारों को माफी नहीं मिलेगी। वहीं, इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री



नितिन गडकरी ने कहा कि आपने जिस भावना से योजना शुरू की है वह सभी बहनों तक पहुंच गया है। यह सभी बहनें भाई दूज का अच्छा उपहार दिए बिना नहीं रहेंगी।

### 'हमें चुनाव जीता दें, योजना बंद नहीं होगी'

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सम्मेलन के दौरान कहा कि, कोई भी इस योजना से लाडली बहनों को वंचित नहीं करेगा। सभी को योजना का लाभ मिलेगा। जो महिलाएं वंचित हैं, वे अपना फॉर्म भर दें। योजना का लाभ सभी को मिलेगा। नवंबर में महाराष्ट्र का चुनाव होगा, कहीं पर धनुष बाण, कहीं पर कमल, तो कहीं पर घड़ी का उम्मीदवार खड़ा होगा।

## राज ठाकरे के खिलाफ जारी हुआ गैर जमानती वारंट



दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। आखिर राज ठाकरे के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट क्यों जारी किया गया है, आइए समझते हैं पूरा मामला।

दरअसल 16 साल पहले मनसे कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र निगम की बस में आगजनी और तोड़फोड़ की थी जिसके बाद राज ठाकरे के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। इस मामले में राज ठाकरे आठवें आरोपी हैं। साल 2008 में निलंगा के मनसे कार्यकर्ताओं ने उदगीर मोड़ पर निगम की एक बस में आग लगा दी थी। इस संबंध में निलंगा थाने में आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया दया था, जिसमें राज ठाकरे का नाम भी शामिल था।

# बुरे फंसे मंत्री संजय राठोड

## सामाजिक कार्य के नाम पर सरकार से भूखंड

### बवाल के बाद वापस लौटाने की तैयारी

दोपहर संवाददाता | मुंबई

शिवसेना शिंदे गुट के नेता और महाराष्ट्र की महायुति सरकार में अन्न व औषध प्रशासन मंत्री संजय राठोड एक नई मुश्किल में घिरते नजर आ रहे हैं। मामला भूखंड के श्रीखंड से जुड़ा है। मंत्री राठोड ने अपनी निजी संस्था के मार्फत सामाजिक कार्य के नाम पर सरकार से भूखंड की मांग की थी। इस संदर्भ में राठोड के निजी सचिव ने सिडको को पत्र लिखा था, जिसके बाद हरकत में आए सिडको प्रशासन ने सालभर के अंदर नई मुंबई में 5600 वर्ग फुट का भूखंड आवंटित कर दिया। इसमें नियमों के उल्लंघन का खुलासा होने का खुलासा होने से बवाल मचा तो अब मंत्री राठोड जमीन वापस लौटाने की बात कहकर पिंड छुड़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

### सामाजिक कार्य के नाम पर भूखंड की मांग

"अखिल भारतीय बंजारा सेवा संघ" (एआईबीएसएस) ने नवंबर 2022 में बंजारा



समुदाय के लिए जगह की मांग की थी। इस मांग के अनुरूप, राज्य सरकार ने नवंबर 2023 में नवी मुंबई में सिडको के स्वामित्व वाली 5,600 वर्ग मीटर की जमीन "श्री संत रामराव महाराज चैरिटेबल ट्रस्ट" को सौंप दिया। मंत्री राठौड़ इस संस्था के प्रमुख हैं। बताया जा रहा है कि जमीन बांटने के दौरान संजय राठौड़ के निजी सचिव विशाल राठौड़ ने मंत्री के लेटरहेड पर सिडको के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखा था। इस वजह से मंत्री राठोड पर सत्ता के दुरुपयोग और अनैतिक लेनदेन का आरोप लग रहा है। विशाल राठौड़ ने पहला पत्र 16 जून 2023 को लिखा था। लेकिन बंजारा समुदाय के लिए भूखंड निर्धारित होने के बाद उन्होंने नवंबर महीने में लिखे पत्र के जरिए इसे संत डॉ.राम राव महाराज चैरिटेबल ट्रस्ट के नाम पर वितरित किए जाने की मांग कर दी।

**ऐसे टूटा नियमः** इस पत्र के बाद सिडको ने 28 जुलाई 2023 को नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखा। इस पत्र में फरवरी 2023 में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के एआईबीएसएस प्लॉट के अनुरोध और इस संबंध में मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देश का हवाला दिया गया था। यह भी बताया गया कि 8 मई 2023 को मुख्य सचिव ने सिडको से आरक्षित भूखंडों का प्रस्ताव भेजने को कहा था। अगले ही दिन यानी 9 मई 2023 को मंत्री संजय राठोड ने सिडको कार्यालय का दौरा किया और सिडको द्वारा प्रस्तावित तीन भूखंडों का निरीक्षण किया। उसने उनमें से दो को प्राथमिकता दी।


## महंगा पड़ा पीएम मोदी को काला झंडा दिखाना



दोपहर संवाददाता | मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार (30 अगस्त) को महाराष्ट्र का दौरा किया। इस दौरान वह आर्थिक राजधानी मुंबई और पालघर का दौरा किया। इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कांग्रेस नेताओं और पदाधिकारियों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा।

इस मामले में मुंबई पुलिस ने बड़ा एक्शन लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुंबई में काला झंडा दिखाने के मामले में मुंबई पुलिस ने कांग्रेस नेता और पदाधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस मामले में मुंबई पुलिस ने भारतीय न्याय संहित की अलग- अलग धाराओं में कांग्रेस के कई नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दरअसल, शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुंबई पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काले झंडे लहराते हुए विरोध प्रदर्शन किया।



# पति ने पत्नी का प्रेमी के साथ बनाया प्राइवेट वीडियो

## वायरल करने पर केस दर्ज

**दोपहर संवाददाता । डोंबिवली**

डोंबिवली शहर से महिला से जुड़ा एक अद्भुत मामला सामने आया है। दरअसल एक महिला अपने पति के साथ संबंध बना रही थी, तभी उसके पति ने उसके प्रेमी के साथ उसकी फिल्म बनाई और अंतरंग क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। महिला ने इसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, पुलिस अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। बताया जा रहा है महिला के पति ने छुपके से उसके कमरे में कैमरा लगाया था, जिसके तहत उसका वीडियो बनाया गया है। अधिकारी ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि महिला लंबे समय से अपने पति से अलग रह रही थी। लेकिन तब भी महिला का पति उसका पीछा नहीं छोड़ रहा था।



### महिला के पति पर कई धाराओं के तहत केस दर्ज

पुलिस अधिकारी ने महिला के पति पर भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत ताक-झांक, मानहानि और अन्य अपराधों में मामला दर्ज किया है। महिला ने इस मामले में पुलिस को आगे बताया कि उसे अपनी निजी जिंदगी में किसी की ताक-झांक पसंद नहीं है। महिला ने कहा, जब दोनों अलग हो चुके हैं तो वह क्यों बे वजह उसकी जिंदगी में दखल दे रहा है। जिस प्रकार से उसने वीडियो क्लिप बनाकर वायरल किया है।

### क्या करेगी पुलिस?

पुलिस ने अब महिला की शिकायत पर आरोपी पति की तलाश शुरू कर दी है। हालांकि इस मामले में अभी पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# टोरेंट पावर कर्मचारियों के लिए आपातकालीन चिकित्सा सहायता प्रशिक्षण का आयोजन

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से कर्मचारियों को सशक्त बनाने के अपने मिशन को जारी रखते हुए टोरेंट पावर ने हाल ही में एक आपातकालीन चिकित्सा सहायता प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया। प्रशिक्षण कार्डियो-पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) और कम्प्रेशन-ओनली लाइफ सपोर्ट (सीओएलएस) तकनीकों पर केंद्रित था।



### दो सम्मानित डॉक्टरों द्वारा किया गया सत्र का संचालन

सत्र का संचालन ठाणे के दो सम्मानित डॉक्टरों द्वारा किया गया था। जुपिटर अस्पताल से डॉ. लकी कासट और डॉ सुप्रिया लाड चिंचोलकर, एक प्रसिद्ध चिकित्सक और रोटरी क्लब ऑफ ठाणे लेक सिटी के सदस्य ने रोटरी सदस्यों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया।

### 250 से अधिक कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

प्रशिक्षण के दौरान, 250 से अधिक कर्मचारियों को विभिन्न चिकित्सा परिदृश्यों के बारे में शिक्षित किया गया जहां सीओएलएस और सीपीआर जीवन रक्षक हस्तक्षेप हो सकते हैं। डॉक्टरों ने पेशेवर चिकित्सा सहायता आने तक महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करने में इन तकनीकों के महत्व पर जोर दिया। प्रतिभागियों को डॉक्टरों द्वारा लाए गए पुतलों का उपयोग करके व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। डॉ. लकी और डॉ. सुप्रिया दोनों ने टोरेंट पावर की पहल की सराहना की और इस बात पर प्रकाश डाला गया कि इस तरह के प्रशिक्षण सत्र, आपात स्थिति के दौरान जीवन बचाने के लिए व्यक्तियों को ज्ञान और कौशल से लैस करने में महत्वपूर्ण हैं। टोरेंट पावर जनसम्पर्क अधिकारी चेतन बड़ियानी ने बताया कि कंपनी अपने कर्मचारियों की भलाई और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, लगातार उन्हें मूल्यवान प्रशिक्षण देते हुए उनकी क्षमताओं और तैयारियों को बढ़ाती है।

# रेलवे स्टेशनों पर बजाई जाए गणेश प्रार्थना : शिवसेना सांसद

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

ठाणे से शिवसेना सांसद नरेश म्हास्के ने रेल मंत्रालय से अनुरोध किया है कि आगामी गणेश उत्सव के दौरान देश के सभी रेलवे स्टेशनों पर 'गणेश पंचरत्नम प्रार्थना बजाई जाए। 7 सितंबर से शुरू होने वाले उत्सव से पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखे पत्र में म्हास्के ने कहा कि 8वीं शताब्दी के दार्शनिक आदि शंकराचार्य द्वारा रचित प्रार्थना को रेलवे स्टेशनों पर प्रसारित किया जाना चाहिए। पत्र में कहा गया है कि पार्श्व गायिका अनुराधा पौडवाल द्वारा गाया गया यह गीत यात्रा के अनुभव को समृद्ध करेगा और भारत की जीवंत सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाएगा तथा उसे बढ़ावा देगा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के करीबी माने जाने वाले सांसद ने मंत्रालय को 'गणेश पंचरत्नम की एक प्रति प्रदान करने की भी पेशकश की।

# 7 साल बाद नायगांव-जुचंद्रा डबल कॉर्ड लाइन को मिली मंजूरी

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

ठाणे। नायगांव-जुचंद्रा डबल कॉर्ड लाइन परियोजना को आखिरकार 7 साल बाद मंजुरी मिल गई है। इस परियोजना का उद्देश्य उपनगरीय सेवाओं के साथ-साथ मेल ट्रेनों के संचालन को सुगम बनाना है। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह मंजूरी कई सालों की देरी के बाद पर्याप्त है, या फिर यह एक और अधूरी योजना साबित होगी?

### वसई और पनवेल के बीच ट्रेनों की यात्रा होगी आसान




यह परियोजना वसई और पनवेल के बीच ट्रेनों की यात्रा को और आसान बनाने के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही थी। वर्तमान में, लाइन बदलने की प्रक्रिया के दौरान इंजन को बदलना पड़ता है, जिससे समय और संसाधनों की बर्बादी होती है। यह नई डबल कॉर्ड लाइन इस प्रक्रिया को खत्म करने में मदद करेगी, जिससे ट्रेनों का संचालन तेज और कुशल हो सकेगा। लेकिन इतनी देरी से मिली इस मंजूरी के बावजूद क्या परियोजना अपने समय पर पूरी हो पाएगी?

# दो साल की बच्ची का अपहरण कर यौन उत्पीड़न

**दोपहर संवाददाता । कल्याण**

कल्याण में पड़ोस में रहने वाल दो साल की बच्ची का अपहरण कर उसका यौन उत्पीड़न करने के आरोप में शनिवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। कल्याण तालुका थाने के एक अधिकारी ने बताया कि घटना शुक्रवार को घटी।



### आरोपी हुआ गिरफ्तार

### मामले की जांच जारी

उन्होंने कहा कि आरोपी बच्ची को एक सुनसान स्थान पर ले गया और उसका यौन उत्पीड़न किया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। डरी हुई लड़की ने अपने माता-पिता को आपबीती बतायी। पैंतीस वर्षीय व्यक्ति (आरोपी) के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज किया की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# शिवाजी महाराज की प्रतिमा के गिरने पर एमवीए का प्रस्तावित प्रदर्शन राजनीति से प्रेरित: भाजपा

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**





भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के गिरने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के माफी मांग लेने के बाद भी इस घटना को लेकर विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के प्रस्तावित प्रदर्शन की प्रासंगिकता पर सवाल उठाया है। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रवक्ता केशव उपाध्ये ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि एमवीए के घटक दलों ने आंदोलन की जो योजना बनायी है, वह राजनीति से प्रेरित है और यह सबकुछ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मराठा साम्राज्य के संस्थापक के प्रति विपक्ष का प्रेम दिखावटी है।

### उपाध्ये ने एमवीए से पूछा सवाल

शिवसेना (यूबीटी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और कांग्रेस ने शिवसेना, भाजपा और राकांपा की महायुति सरकार के खिलाफ 'जोडे मारो (जूते मारो)' प्रदर्शन का आह्वान किया है। शिवसेना (यूबीटी), राकांपा (एसपी) और कांग्रेस एमवीए के घटक हैं। उपाध्ये ने एमवीए से सवाल किया कि क्या वह शिवाजी महाराज के बारे में अपनी टिप्पणियों को लेकर जवाहर लाल नेहरू द्वारा और 1984 के सिख विरोधी दंगों को लेकर सोनिया गांधी द्वारा अतीत में मांगी गयी 'माफियों' को लेकर ऐसा ही प्रदर्शन करेगा।

# पांच लाख मूल्य का गुटखा जब्त, दो लोग गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता । नवी मुंबई**

नवी मुंबई में एक घर से पांच लाख रुपये से अधिक मूल्य का गुटखा जब्त किया है और इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नवी मुंबई पुलिस के मादक पदार्थ निरोधी प्रकोष्ठ (एएनसी) ने बृहस्पतिवार को तलोजा के पेंधर गांव में यह अभियान चलाया। पुलिस ने एक विज्ञप्ति में कहा की सूचना मिली थी कि कुछ लोगों ने अपने घर पर प्रतिबंधित गुटखा जमा किया हुआ है, सूचना के आधार पर एएनसी की टीम ने आवासीय परिसर में छापा मारा और 5,40,850 रुपये मूल्य का गुटखा जब्त किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उस घर पर रहने वाले सतीशसिंह नेपालसिंह ठाकुर (32) और जितेंद्रकुमार राजकुमार कामथ (21) को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 123 (अपराध करने की नीयत से जहर आदि के माध्यम से चोट पहुंचाना), 223 (लोक सेवक द्वारा जारी आदेश की अवज्ञा), 274 (बिक्री के लिए खाद्य या पेय पदार्थ में मिलावट) और 275 (हानिकारक खाद्य या पेय पदार्थ की बिक्री) तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) के नियमों के तहत दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।


# दो शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार

**दोपहर संवाददाता । मुंबई/नई दिल्ली**

शिक्षक दिवस के अवसर पर इस बार महाराष्ट्र के दो शिक्षक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होंगे। पुरस्कार पाने वालों में गढ़चिरौली के जिला परिषद (जेडपी) उच्च प्राथमिक डिजिटल स्कूल जजवंडी के मंथैया बेडके और कोल्हापुर के सौ जूनियर एसएम स्मॉल हाई स्कूल और कॉलेज सागर के बागड़े शामिल हैं। पांच सितंबर को विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू यह पुरस्कार प्रदान करेंगी। 2024 के लिए देशभर से 50 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चुना गया है। मंथैया बेडके ने गढचिरोली के दुर्गम और नक्सलग्रस्त क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए छात्रों की संख्या 8 से 138 तक बढाई है। उन्होंने जन सहभाग से स्कूल में स्मार्ट टीवी और इनव र्टर जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई है।

# ठीक से न लिख पाने पर शिक्षिका ने छात्रा को पीटा

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**



ठाणे जिले में ट्यूशन पढ़ाने वाली शिक्षिका ने छह वर्षीय एक छात्रा के ठीक से नहीं लिख पाने पर कथित तरीके से 'स्केल' से उसकी पिटाई कर दी, पुलिस ने शिक्षिका के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे सागांव गांव में हुई। मानपाड़ा पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि शिक्षिका सारिका घाग ने बच्ची को ठीक से पढ़ाई नहीं करने और अच्छी तरह से लिख नहीं पाने के कारण 'स्केल' से पीटा और उसके कानों पर भी मारा। घर लौटने पर बच्ची ने अपनी मां से शिक्षिका की शिकायत की। इसके बाद उसके माता-पिता ने पुलिस से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई। शिक्षका के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 118(1) (खतरनाक हथियारों या साधनों से जानबूझकर चोट पहुंचाना या गंभीर चोट पहुंचाना) और किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# शिवाजी महराज प्रतिमा के दुर्घटना को लेकर सामाजिक संगठनों का आंदोलन




**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**

मालवण के राजकोट किले पर छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा की दुर्घटना को लेकर उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने कल्याण-कर्जत राजमार्ग पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के सामने धरना देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है।उल्हासनगर-3 के छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर महाराष्ट्र राज्य लोक निर्माण विभाग के प्रतिमा दुर्घटना के भ्रष्टाचार में शामिल सभी लोगों के खिलाफ व शिक्षण मंत्री दीपक केसरकर द्वारा दिए गए.बेशर्म बयान के विरोध में पर विरोध प्रदर्शन किया गया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर विशाल भोसले, राष्ट्रीय छावा संगठन के निखिल गोले, राष्ट्रीय कल्याण पार्टी के शैलेश तिवारी, वालधुनी नदी संरक्षण समिति के शशिकांत दायमा, प्रहार जन शक्ति पक्ष के एड.स्वप्निल पाटिल, तुषार बागुल, दीपक गाड़े, पीयूष वाघेला, नरेश गायकवाड़, प्रीति भोसले,प्रफुल्ल भोसले, भानु पाल सहित कई सामाजिक संगठन भी मौजूद थे।

# मुंबई नाशिक महामार्ग पर एचपी गैस रिसाव से हड़कंप

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

मुंबई नाशिक महामार्ग वडपे गाव के पास सुबह 8 बजे मुंबई से नाशिक जा रहे एच पी गॅस टँकर से गैस रिसाव शुरू होने की जानकारी पर हड़कंप मच गया। तहसीलदार अभिजीत खोले एवम पुलिस द्वारा तत्परता से उठाए गए कदम से हाइवे पर भारी हादसा होने से टल गया।

### बड़ा हादसा टला



### जानकारों की मदद से गैस लीक रोकने में मिली सफलता

मिली जानकारी के अनुसार, मुंबई नाशिक महामार्ग वडपे गाव के पास सुबह 8 बजे मुंबई से नाशिक जा रहे एच पी गॅस टँकर से गैस रिसाव शुरू होने की जानकारी पर टैंकर चालक ने मार्ग के बगल टैंकर खड़ा किया। चालक ने फोन कर जिला आपातकालीन कक्ष को सूचित कर मदद मांगी। घटना की सूचना पर तहसीलदार अभिजित खोले, तालुका पुलिस स्टेशन वरिष्ठ पोलीस निरीक्षक दादासाहेब एडके,महामार्ग वाहतुक पुलिस शाखा वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक छाया कांबले सहित भिवंडी व कल्याण अग्निशामक दल जवान, भिवंडी पालिका आपत्कालीन यंत्रणा मौके पर पहुंच गए.गैस रिसाव के खतरे को देखते हुए अधिकारियों के निर्देश पर समूचे एरिया की बिजली सप्लाई बंद की गई। तहसीलदार अभिजित खोले ने महामार्ग पर होने वाले घटनाओं में मददगार की भूमिका निभाने वाले खोपोली स्थित हेल्प फाऊंडेशन से संपर्क किया। हेल्प फाऊंडेशन के धनंजय गिध की टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर कड़ी मेहनत कर करीब घंटे में गैस रिसाव बंद किए जाने में सफलता हासिल की। समूचे महामार्ग पर सुरक्षा की खातिर वाहन का जाम लगा गया। गैस रिसाव पर नियंत्रण के बाद यातायात शुरू हुआ जिसे सुचारू करने में ट्रैफिक पुलिस के पसीने छूट गए। एच पी टैंकर को सुरक्षित तरीके से वाड़ा डिपो भेजने के बाद क्षेत्रीय लोगों ने राहत की सांस ली।

# शोरूम व्यवसायी को बंदूक दिखाकर जान से मारने की धमकी

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी के कोनगांव स्थित एक व्यक्ति द्वारा कार शोरूम व्यवसायी को बंदूक दिखा कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने व्यवसायी की शिकायत पर उक्त व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा सहित आर्म्स एक्ट 3,25 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### मामला दर्ज, जांच जारी



पुलिस के अनुसार, डोंबिवली पूर्व के मानपाड़ा स्थित घारीवली गांव श्री बंग्लो निवासी कल्पेश रमेश संनते ने कल्याण रोड स्थित जियो पेट्रोल पंप के पास आहेर मारुती सुजुकी नेक्सा शोरूम में अपनी मां के नाम पर सफेद रंग की इनविक्टो अल्फा प्लस नामक फोर व्हीलर गाड़ी बुक कराई थी। इसे लेने के सोमवार को शाम 5:45 बजे वह शोरूम में गया। बुक की गई गाड़ी साफ सुथरी स्थिति में नहीं दिखने के कारण कल्पेश ने शोरूम के कर्मचारी से से तेज आवाज में बात करते हुए गाली गलौज करने लगा। जिसके बाद कल्पेश ने अपने बाएं कमर से रिवाल्वर निकाल कर शोरूम में काम करने वाले कर्मचारियों को दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस प्रकरण में कोनगांव पुलिस ने कल्पेश रमेश संनते के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, जिसकी जांच पुलिस उपनिरीक्षक अश्लेषा घाटगे कर रही है।

# मैरिज हॉल और नाले पर स्लैब के निर्माण का उद्घाटन




**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी महानगर पालिका क्षेत्र में वार्ड नंबर 2 बाला कंपाउंड में मनपा की स्कूल नंबर 86 से सटे नाले पर स्लैब निर्माण का उद्घाटन भिवंडी पूर्व के विधानसभा सदस्य रईस शेख के हाथों किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता महबूब अंसारी उर्फ बब्लू भाई, औरंगजेब पप्पू अंसारी, हसनैन फारूकी, अनस अंसारी सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस मौके पर विधायक रईस शेख लोगों को संबोधित कर कहा कि यह नाला एक दशक से अधिक समय से खुला हुआ है। इसके कारण यहां के लोगों को भारी दिक्कतों और कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यहां पर्यावरण प्रदूषण रहता है, वहीं नाले की दुर्गंध व स्लैप न होने के कारण एक किलोमीटर का सफर तय कर यहां आना पड़ता है। लोगों की इन्हीं समस्याओं को देखते हुए मैंने सरकार से पांच करोड़ का फंड स्वीकृत कराया है आज इसका निर्माण कार्य शुरू करने हेतु उद्घाटन किया गया है। इसके साथ ही वार्ड नंबर 4 में हाजी फजलुर्रहमान उस्मान अंसारी मैरिज हॉल की खस्ता हालत को देखते हुए विधायक रईस शेख ने उक्त मैरिज हॉल के निर्माण के लिए सरकार से 2 करोड़ रुपये निधि मंजूर कराया है, जिसका आज उद्घाटन किया गया है।

# बंद घर में मिले बुजुर्ग दंपति व उनकी बेटी के सड़े गले शव

**दोपहर संवाददाता । पालघर**

पालघर के नेहरूली गांव में स्थित एक घर से तीन लोगों के क्षत-विक्षत शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। घर से दुर्गंध आने की सूचना पुलिस ने शुक्रवार को घर का दरवाजा तोड़कर बुजुर्ग दंपति और उनकी बेटी के शव बरामद किए गए हैं। जानकारी पुलिस ने शनिवार को बताया कि स्थानीय निवासियों और गांव पहुंचे मृतक के बड़े बेटे ने घर से दुर्गंध आने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने गांव पहुंचकर घर का दरवाजा तोड़ा। घर में



दो महिलाओं के शव कमरे में और एक पुरुष का शव बाथरूम में मिला। तीनों शव पूरी तरह सड़ चुके थे और उनकी जगह सिर्फ कंकाल बचा था। पुलिस के अनुसार यह कंकाल मुकुंद राठोड (76), उनकी पत्नी कंचन राठोड (73) और बेटी संगीता राठोड (51) के हैं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया दिया है। पुलिस परिवार के तीन सदस्यों की मौत का कारण जानने का प्रयास कर रही है। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक बुजुर्ग दंपति और उनकी दिव्यांग बेटी मकान में रहते थे, जबकि उनके दो बेटे एक विरार और दूसरा गुजरात में रहते हैं। दोनों भाई हमेशा अपनी मां और पिता के संपर्क में रहते थे। गुजरात में रहने वाले बड़े बेटे सुहास पिछले 13 दिनों से अपने पिता से संपर्क करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन परिवार से संपर्क नहीं हो रहा था।

# मंगलागौर उत्सव पर चढ़ा श्रावण का रंग।

## महिलाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन

**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**

श्रावण का महीना हमें त्योहारों की खुशी, प्रकृति की हरी-भरी शोभा और मंगलागौरी की खुशी की याद दिलाता है। इस पवित्र माहौल में, शिव सेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे ने उल्हासनगर में एक भव्य मंगलौर समारोह का आयोजन किया। कल्याण जिला प्रमुख धनंजय बोदारे के नेतृत्व और वसुधाताई बोदारे के सहयोग से स्वामी देव प्रकाश हॉल, उल्हासनगर-4 में यह समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।

### शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे द्वारा उल्हासनगर में एक भव्य मैंगलोर कार्यक्रम का आयोजन




श्रावण मास में मंगलौर का त्योहार महिलाओं के लिए खास होता है। इस उत्सव के अवसर पर महिलाओं में छिपी प्रतिभा को निखारने, सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करने और समाज की महिलाओं को एक साथ लाकर उत्सव की खुशियों में शामिल करने के लिए शिव सेना की महिला अघाड़ी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया. आयोजित इस कार्यक्रम में वसुधाताई बोडारे के नेतृत्व में महिलाओं ने अपनी रचनात्मकता और कौशल से कार्यक्रम प्रस्तुत किया. कार्यक्रम की शुरुआत कलश पूजन और गणेश वंदना के साथ हुई। जिसके उपरांत महिलाओं ने पारंपरिक गीतों की धुन पर मंगलागौरी खेलों में भाग लिया. रंग-बिरंगे परिधानों में महिलाओं ने नृत्य और गीतों के माध्यम से मंगलागौरी के महत्व पर प्रकाश डाला। आयोजक जिला प्रमुख धनंजय बोडारे ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक परंपराओं की विरासत को आगे बढ़ाना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना भी है।

दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** आस्था किसी दिव्य चीज़ पर अटूट विश्वास है : स्वामी प्रभुपाद

# 'पीएम मोदी की माफी राजनीतिक'

## छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा मामले को लेकर राउत का करारा हमला

दोपहर संवाददाता | मुंबई



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने को लेकर माफी मांगी है। इसके बाद शिवसेना ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने कहा कि पीएम मोदी की ये माफी राजनीतिक है। उन्होंने कहा कि माफी मांगने से शिवाजी के अपमान की भरपाई नहीं होगी। इस दौरान राउत ने पुलवामा का जिक्र करते हुए लोगों से माफी की मांग की है। संजय राउत ने कहा कि माफी मांगो छूट जाएंगे, यही है उनका। अगर सच्चे मन से माफी मांगते हैं तो 5 साल पहले 40 जवानों की हत्या हुई थी। देश दुखी हुआ था तो उस वक्त देश से माफी मांगनी चाहिए थी। आपकी नाकामी से यह घटना हुई है। जम्मू कश्मीर में जिस तरह से घटनाए हुई है। कश्मीरी पंडितों की घर वापसी का वादा पुरा नहीं हुआ है। आपने इतना झूठ बोला है तो हर दिन माफी मांगनी होगी। यह महाराष्ट्र है, यह किसी को माफ नहीं करता।

# वाशी-मानखुर्द के बीच टूटा ओवरहेड वायर



### हार्बर लाइन पर 2 घंटे रुकी लोकल ट्रेन, परेशान रहे यात्री

**मुंबई।** मध्य रेलवे की हार्बर लाइन पर शनिवार सुबह लोकल बाधित हो गई। मानखुर्द और वाशी रेलवे स्टेशन के बीच ओवरहेड उपकरण में खराबी आने के कारण लोकल ट्रेनों को रोकना पड़ा। लोकल में सफर कर रहे यात्रियों को घंटों सघर्ष करना पड़ा। मुंबई लोकल जिस समय खराब हुई, यह व्यस्त समय था। मध्य रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि सुबह करीब साढ़े सात बजे (वाशी जाने वाली) डाउन लाइन पर 'ओवरहेड' उपकरण टूट गया, जिससे इस मार्ग पर सेवाएं कम से कम दो घंटे तक पूरी तरह से बाधित रहीं। प्रवक्ता के मुताबिक, डाउन लाइन पर सेवाएं सुबह साढ़े नौ बजे तक बहाल कर दी गईं। यात्रियों ने बताया कि सेवाएं बहाल होने के बाद भी ट्रेन आधे घंटे से अधिक देरी से चलीं।

#### अधिकारियों ने दिया बयान

वाशी स्टेशन नवी मुंबई में, जबकि मानखुर्द मुंबई में है। इन दोनों स्टेशन के बीच एक नहर पर बना रेलवे पुल मुंबई को नवी मुंबई से जोड़ता है। मध्य रेलवे के मुंबई खंड के प्रभागीय रेलवे प्रबंधक रजनीश गोयल ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, 'हमें यह बताते हुए खेद हो रहा है कि हार्बर लाइन पर मानखुर्द और वाशी के बीच 'ओवरहेड इक्विपमेंट' (ओएचई) टूटने के कारण सेवाएं बाधित हुईं।' प्रवक्ता के अनुसार, 'ओवरहेड' तार और उपकरणों की मरम्मत में इस्तेमाल किए जाने वाले 'टावर वैगन' को मौके पर भेजा गया और सुबह साढ़े नौ बजे तक सेवाएं बहाल कर दी गईं।

# सात आईएएस अधिकारियों का हुआ ट्रांसफर




मुंबई। विधानसभा चुनाव नजदीक होने के बावजूद राज्य में इस समय तबादलों का दौर चल रहा है। हाल ही में पुलिस विभाग में हुए ट्रांसफर के बाद राज्य के आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। महाराष्ट्र सरकार ने राज्य भर में सात आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। इसके तहत अब सोलापुर जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनीषा आव्हाले अब स्मार्ट सिटी पुणे की मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर काम करेंगी। अभिनव गोयल को हिंगोली का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह विनायक महामुनी की नागपुर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सतीशकुमार खडके की बीड जिला परिषद में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सौम्या शर्मा चांडक की नागपुर स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कुलदीप जंगम की सोलापुर जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रदीपकुमार डांगे की नई मुंबई के कौशल्य विकास, रोजगार आणि उद्योजकता आयुक्त पद पर नियुक्ति की गई है।

# पुलिसकर्मियों की काली करतूत

### जांच के दौरान शख्स की जेब में डाली ड्रग्स की पुड़िया

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई में खार इलाके में पुलिस की काली करतूत सामने आई है। दरअसल खार पुलिस स्टेशन में तैनात चार अधिकारियों ने कलीना इलाके में एक व्यक्ति को फंसाने की नीयत से उसकी जेब में ड्रग्स डाल दिया और फिर उसे गिरफ्तार करने की कोशिश की। यहां कलीना अइलाके में थाने के चार अधिकारियों ने एक व्यक्ति की जेब में अपनी जेब से निकालकर ड्रग्स डाल दिया और फिर उसे सीजर दिखाया। पुलिस वालों की इस कारनामें की पूरी घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई है। अगर ये घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड नहीं होती तो शायद ही पीड़ित अपनी बेगुनाही साबित कर पाता।



#### चारो अधिकारियों को किया गया निलंबित

फिलहाल सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग के आधार पर पीड़ित शख्स ने अपनी बेगुनाही साबित की और उसे छोड़ दिया गया है। वहीं इस घटना के बाद खार पुलिस स्टेशन के चार अधिकारियों के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि एक शख्स सो रहा है। तभी कुछ पुलिस वाले वहां पहुंचते हैं। एक पुलिसकर्मी इस दौरान उसकी आगे और पीछे से तलाशी लेता है। तभी वह अपनी पीछे की जेब से ड्रग्स की पुड़िया निकाली और फिर पीड़ित की जेब में डाल देता है और फिर उस गिरफ्तार कर लेता है। पीड़ित पर पुलिस ने आरोप लगाया कि उसके पास से 20 ग्राम मेफेड्रोन मिला है, इसलिए उसे हिरासत में ले लिया गया।

#### सीसीटीवी फुटेज ने साबित की बेगुनाही

लेकिन इस घटना के सीसीटीवी फुटेज के सामने आने के बाद उस व्यक्ति को रिहा कर दिया गया। बता दें कि इस घटना के सामने आने के बाद मुंबई पुलिस वीडियो पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। दरअसल ये पूरा मामला शुक्रवार की शाम का है, जब खार पुलिस स्टेशन के चार अधिकारी डेनियल नाम के शख्स की तलाशी लेने उसके यहां पहुंचे। इसके बाद वो तलाशी लेते हैं और फिर दावा करते हैं कि डेनियल के पास से 20 ग्राम मेफेड्रोन ड्रग्स मिला है। इसके बाद वह उसे पुलिस स्टेशन लेकर चले जाते हैं। जब घटना के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई तो पता चला कि पुलिसवालों ने उसे फंसाने के लिए उसकी जेब में ड्रग्स डाला। फुटेज के सामने आने के बाद रात 9 बजे तक डेनियल को रिहा कर दिया गया।

**कैब ड्राइवर हमला प्रकरण**

# ऑडी में सवार दंपति पर मामला दर्ज

### कोर्ट में पेश होने का नोटिस जारी

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई के घाटकोपर इलाके में एक दंपत्ति द्वारा कैब ड्राइवर पर कथित रूप से हमला करने का कथित वायरल वीडियो ऑनलाइन सामने आने के बाद, पुलिस ने कहा कि मामले के संबंध में बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) की धारा 115,117, 351 (2) और 352 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।



#### घटना के बारे में जानिए

पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करने वाली पार्कसाइट पुलिस ने कहा कि घटना शुक्रवार को घाटकोपर इलाके में हुई। पार्कसाइट पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी संतोष घाटेकर ने कहा कि आरोपी ऋषभ चक्रवर्ती और पीड़ित कैब ड्राइवर के बीच झगड़ा तब हुआ जब आरोपी ने घाटकोपर के असल्फा गांव के पास अपनी कार से कैब को टक्कर मार दी। इसके बाद कैब चालक ने उसे रोका और उसकी गाड़ी को हुए नुकसान की भरपाई करने को कहा। लेकिन चक्रवर्ती ने कोई ध्यान दिए बिना गाड़ी भगा ली। इसके बाद कैब चालक ने चक्रवर्ती का पीछा करते हुए घाटकोपर में एलबीएस मार्ग स्थित उनके आवास तक पहुंचा और जब चक्रवर्ती ने अपनी गाड़ी रोकी तो कैब चालक ने उनकी गाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी। इसके बाद दोनों के बीच विवाद हो गया। गौरतलब है कि जैसे ही कैब चालक ने आरोपी की लग्जरी कार में टक्कर मारी, उसमें सवार दंपति (ऋषभ और उसकी पत्नी) जल्दी से कार से बाहर निकले और उसने कैब चालक को थप्पड़ मारना शुरू कर दिया।

#### मामला दर्ज

इस बीच, पार्कसाइट पुलिस ने बताया कि उन्होंने 24 वर्षीय ओला चालक की शिकायत के आधार पर दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हालांकि, पुलिस ने बताया कि अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन पीड़ित को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस के अनुसार, गोवंडी निवासी कुरैशी को सुरक्षाकर्मियों द्वारा राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, उसके सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण उसे बाद में जेजे अस्पताल में भर्ती कराया गया। होश में आने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आगे की जांच जारी है।

# कॉलेज का अधिकारी रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

### छात्रा के एडमिशन के लिए मांगे थे 50 हजार

**मुंबई।** मुंबई के एक कॉलेज में प्रशासनिक अधिकारी को एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) ने रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। कॉलेज अधिकारी ने एक व्यक्ति से उसकी बेटी को एडमिशन कराने के लिए 50 हजारा रुपए की रिश्वत मांगी थी। जिसके बाद व्यक्ति ने यह जानकारी एसीबी को दी। एसीबी की टीम ने छाल बिछाकर आरोपी को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शहर के एक कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी को एक व्यक्ति से उसकी बेटी के शैक्षणिक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 50 हजार रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान रवींद्रनाथ सिंह (56) के रूप में हुई है, वह घाटकोपर स्थित रामनिरंजन झुनझुनवाला कॉलेज आफ आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स में कार्यरत है। एसीबी के अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता की बेटी कॉलेज में वाणिज्य पाठ्यक्रम से 11वीं कक्षा में प्रवेश चाहती थी। लेकिन उसका नाम चयनित छात्रों की संक्षिप्त सूची में नहीं था। इसलिए, छात्रा और उसके पिता कॉलेज गए और सिंह से मिले तथा उनसे प्रक्रिया में मदद करने का अनुरोध किया।

#### विधायक ने की सिफारिशी पत्र



अधिकारी ने बताया कि बाद में पीड़ित ने स्थानीय विधायक से भी मुलाकात की। विधायक ने छात्रा को प्रवेश दिलाने में मदद दिलवाने के उद्देश्य से कॉलेज को संबोधित एक सिफारिशी पत्र भी दिया। पीड़ित के सिंह से दोबारा मुलाकात करने पर उसने पहले उनसे डेढ़ लाख रुपए मांगे, लेकिन बाद में रकम घटाकर 50 हजार रुपए कर दी।

#### एसीबी ने बिछाया जाल

इसके बाद शिकायतकर्ता ने भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी से संपर्क किया, जिसने उसकी शिकायत की पुष्टि की। एजेंसी ने जाल बिछाया और सिंह को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। आरोपी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार एसीबी को शिकायत मिलने के बाद अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की जिसके बाद एसीबी की टीम के अधिकारियों ने व्यक्ति को कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी रवींद्रनाथ सिंह को पैसा देने के लिए भेजा और टीम ने अपना जाल बिछाया और रिश्वत देते अधिकारी को रंगेहाथ गिरफ्तार किया।

# महाराष्ट्र में नहीं बदली महिला सुरक्षा की तस्वीर

**NCRB के आंकड़ों ने सच्चाई की उजागर**



**मुंबई।** कोविड-19 महामारी के दौरान जब पूरा देश लॉकडाउन में था, तब भी महाराष्ट्र में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की संख्या में कोई कमी नहीं आई। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) के आंकड़ों के अनुसार, महा विकास अघाड़ी सरकार के दौरान, जब उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री थे, राज्य में हर दिन औसतन 109 महिलाएं अत्याचारों का शिकार हुईं। स्थिति आज भी वैसी ही बनी हुई है।

#### बदलापुर केस और सामाजिक उथल-पुथल

बदलापुर के एक स्कूल में बाल यौन शोषण का मामला सामने आने के बाद, राजनीतिक और सामाजिक हलकों में हड़कंप मच गया है। इस घटना के संदर्भ में, NCRB द्वारा जारी किए गए आंकड़ों ने महाराष्ट्र में महिलाओं के खिलाफ खुलेआम हो रहे अत्याचारों की भयावह सच्चाई को उजागर कर दिया है। 2021 में, कोविड-19 लॉकडाउन के कठिन हालातों के बावजूद, राज्य में हर दिन औसतन 109 महिलाएं अत्याचार का शिकार हुईं। 2022 के पहले छह महीनों में यह संख्या बढ़कर 126 हो गई, जो 2023 में भी स्थिर रही।

#### लॉकडाउन के दौरान महिलाओं के खिलाफ अपराधों में वृद्धि

NCRB के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, लॉकडाउन के दौरान महिलाओं के खिलाफ अपराधों की दर में कमी आने के बजाय वृद्धि हुई। 2020 में लॉकडाउन के दौरान, महाराष्ट्र में 31,701 अपराध महिलाओं के खिलाफ दर्ज किए गए, जिसका मतलब है कि हर दिन औसतन 88 महिलाएं अत्याचार का शिकार हुईं। 2021 में यह संख्या बढ़कर 39,266 हो गई।

#### महायूति सरकार के दौरान स्थिति

जनवरी से जून 2022 के बीच, महा विकास अघाड़ी सरकार के दौरान, हर दिन 126 महिलाएं अत्याचार का शिकार हुईं। जबकि जुलाई से दिसंबर 2022 के बीच, महायुति सरकार के दौरान, यह संख्या थोड़ी घटकर 116 हो गई। हालांकि, 2023 में यह औसत फिर से 126 पर पहुंच गया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि राज्य में महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति अभी भी गंभीर है।

# उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने अनिल देशमुख के विधानसभा क्षेत्र में किसानों से संपर्क साधा

**मुंबई/नागपुर।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने शनिवार को कहा कि संतरा उत्पादकों के लिए नागपुर जिले के काटोल में एक नयी फैक्टरी लगाई जाएगी और डेयरी किसानों को पांच रुपये प्रति लीटर की सब्सिडी दी जाएगी। काटोल, राकांपा (एसपी) विधायक और महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख का विधानसभा क्षेत्र है। राकांपा की जन सम्मान यात्रा के तहत, किसानों की एक सभा को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की 2.5 करोड़ महिलाओं को ''मुख्यमंत्री माजी लाडकी बहिन योजना'' मासिक नकद हस्तांतरण योजना के दायरे में लाएगी।



#### एक नयी फैक्टरी खोलने की घोषणा

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति सरकार में वित्त विभाग संभाल रहे अजित पवार ने कहा कि एक भाई और एक मंत्री के रूप में यह मेरा कर्तव्य है कि मैं आपकी रक्षा करूं क्योंकि आपने मुझे राखी बांधी है। सरकार ने राज्य की 2.5 करोड़ महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उनके खातों में हर महीने 1,500 रुपये डालने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में इस योजना के तहत महिलाओं के बैंक खातों में एक लाख रुपये जमा किए जाएंगे। किसानों से संपर्क करते हुए पवार ने कहा कि उनके बिजली बिल माफ कर दिए गए हैं। पवार ने कहा कि जिन किसानों के पुराने (बिजली) बिल बकाया हैं, उसपर भी विचार किया जा रहा है। इसके अलावा, पवार ने डेयरी किसानों के लिए पांच रुपये प्रति लीटर की सब्सिडी और काटोल में संतरा किसानों के लिए एक नयी फैक्टरी खोलने की घोषणा की।

# 'महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था और बेरोगारी बड़ा मुद्दा'

### कांग्रेस मेनिफेस्टो की बैठक के बाद बोले पृथ्वीराज चव्हाण

**मुंबई।** महाराष्ट्र में इसी साल विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। इसको लेकर सभी पार्टियों ने अपनी कमर कस ली है। शनिवार को कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो को लेकर एक बैठक की। करीब दो घंटे हुई इस बैठक में कई अहम मुद्दों पर सभी नेताओं ने चर्चा की। बैठक का हिस्सा रहे पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने बताया कि पार्टी अपने मेनिफेस्टो को लेकर किस तरह की रणनीति बना रही है। इसके साथ ही उन्होंने छत्रपति शिवा जी की प्रतिमा टूटने पर भी कई सवाल खड़े किए है। कांग्रेस मेनिफेस्टो पर हुई बैठक पर उन्होंने कहा कि कोंग्रेस पार्टी की तरफ से मैनिफेस्टो को लेकर ड्राफ्ट बनाया जाएगा। इसके बाद उद्धव ठाकरे गुट और शरद पवार गुट के नेताओं से चर्चा की जाएगी। उसके बाद कहीं MVA का फाइनल मैनिफेस्टो तैयार होगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अगली मैनिफेस्टो समिति की बैठक पुणे और फिर नागपुर में होगी।



#### पीएम के बयान के बाद सियासी हलचल तेज

शुक्रवार को प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने जनता से माफी मांगी थी। शिवाजी की प्रतिमा गिरने पर उन्होंने कहा था कि मैं सिर झुकाकर माफी मांगता हूं। पीएम के इस इस बयान के बाद से महाराष्ट्र की राजनीति में सियासी हलचल बढ़ गई। विपक्ष ने भी इसपर चुटकी ले रहा है। इसको लेकर कांग्रेस प्रदर्शन कर रही है। प्रतिमा टूटने का बाद कांग्रेस नेताओं ने जूता मारो आंदोलन करने की भी बात कही है।

#### सावरकर इस चुनाव का मुद्दा नहीं

वहीं प्रधानमंत्री के वीर सावरकार वाले बयान पर भी उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया दी और कहा कि वीर सावरकर का मुद्दा उठाकर प्रधानमंत्री मोदी मुद्दे से भटका रहे हैं, अभी मुद्दा सावरकर का नहीं है। महाराष्ट्र में ये लड़ाई विचारधारा की है, यहां होने वाला विधानसभा चुनाव अब तारीख से आगे चला गया है, लेकिन हमारी तैयारी है की हम लोगो के समाने अपने मुद्दे लेकर जाए। और उन्हें बताए कि सरकार सिर्फ लोगो को गुमराह करने का काम कर रही है।

#### जूते मारो आंदोलन का ऐलान

इसको लेकर नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने बताया ने कि पुलिस ने अबतक रविवार के आंदोलन के लिए परमिशन नहीं दी है, लेकिन हम आंदोलन करेंगे। हालांकि इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आंदोलन की रणनीति क्या होगी? इसपर तीनों पक्ष के प्रमुख नेता तय करेंगे। सिंधुदुर्ग में मालवण में छत्रपति शिवाजी महाराज के पुतला टूटने के खिलाफ MVA के नेता 1 सितंबर को महायुति के खिलाफ जूते मारो आंदोलन का ऐलान किया है।

#### देवेंद्र फडणवीस पर भी हुआ हमला

कांग्रेस नेता ने देवेंद्र फडणवीस पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब से देवेंद्र फडणवीस 2014 में मुख्यमंत्री बने तब से महाराष्ट्र एकदम काफी पीछे चला गया है। राज्य में कानून व्यवस्था और बेरोज़गारी बड़ा मुद्दा है। इसपर मैनिफेस्टो में भी चर्चा हुई है। महाराष्ट्र का फाइनेंशियल स्थिति काफी बिगड़ गई है, जो बेहद चिंता की बात है।

#### माफी मांगना समाधान नहीं

कांग्रेस नेता ने कहा कि मुंबई कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन किया और उनसे माफी मांगने को कहा, जिस पर पीएम ने माफी मांगी। माफी मांगना अच्छी बात है लेकिन सिर्फ माफी मांगने से समस्या का समाधान नहीं होगा, जवाबदेही तय होनी चाहिए, जब तक जवाबदेही तय नहीं होती, हमारा विरोध जारी रहेगा।

## संपादकीय

# प्रदूषण से जंग

यह खबर उत्साहवर्धक है कि भारत में सूक्ष्म कणों से पैदा होने वाले जानलेवा प्रदूषण में गिरावट आई है। लेकिन अभी जीवन प्रत्याशा घटाने वाले प्रदूषण को लेकर जारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट की हालिया वार्षिक रिपोर्ट 'वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक-2024' बताती है कि भारत में साल 2021 की तुलना में 2022 के वायु प्रदूषण में 19.3 फीसदी की कमी आई है। हालांकि, यह उपलब्धि मौजूदा हालात में बहुत बड़ी तो नहीं कही जा सकती है, लेकिन यह बात उत्साहवर्धक है कि प्रत्येक भारतीय की जीवन प्रत्याशा में इक्यावन दिन की वृद्धि हुई है। हालांकि, हम अभी विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों की कसौटी पर खरे नहीं उतरे हैं,लेकिन एक विश्वास जगा है कि युद्ध स्तर पर प्रयासों से भयावह प्रदूषण के खिलाफ किसी हद तक जंग जीती भी जा सकती है। लेकिन इसके साथ ही 'वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक-2024' में यह भी चेताया गया है कि यदि भारत में डब्ल्यूएचओ के वार्षिक पीएम 2.5 के सांद्रता मानक के लक्ष्य पूरे नहीं होते तो भारतीयों की जीवन प्रत्याशा में करीब साढ़े तीन साल की कमी आने की आशंका पैदा हो सकती है। दरअसल, पीएम-2.5 हवा में विद्यमान ऐसे सूक्ष्म कण होते हैं जो हमारे श्वसनतंत्र पर घातक प्रभाव डालते हैं। उल्लेखनीय है कि एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट की वार्षिक रिपोर्ट में उल्लेखित प्रदूषण में आई गिरावट की वजह अनुकूल मौसम संबंधी परिस्थितियां बतायी गई हैं। हालांकि, हकीकत यह भी है कि प्रदूषण नियंत्रण के लिये चलायी जा रही कई योजनाओं के सकारात्मक परिणामों का भी इसमें योगदान रहा है। खासकर भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत जिन शहरों को शामिल किया गया था, वहां भी पीएम-2.5 सांद्रता में गिरावट देखी गई है। वहीं स्वच्छ ईंधन कार्यक्रम का सकारात्मक प्रभाव प्रदूषण नियंत्रण पर नजर आया है। इससे भारत के रिहाइशी इलाकों में कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद मिली है। ऐसी योजनाओं को पूरे देश में लागू करने का सुझाव भी दिया गया है। बहरहाल, हमें वर्ष 2022 के उत्साहजनक परिणामों के सामने आने के बाद व्यापक लक्ष्यों के प्रति उदासीन नहीं होना है। यह एक लंबी लड़ाई है और इसमें सरकार व समाज की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। हमें इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि सरकारों के भरोसे ही लगातार गहराते पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सकता है। राष्ट्रीय राजधानी में हर साल ठंड की दस्तक के बाद पराली जलाने और दिवाली पर पटाखे फोड़ने के बाद जो प्रदूषण का बड़ा संकट खड़ा होता है, उसमें हम अपनी जिद व लापरवाही की भूमिका को नजरअंदाज नहीं कर सकते। हम न भूलें कि देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की गिनती लगातार दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानियों में होती रही है। दरअसल, पीएम-2.5 कणों की सांद्रता बढ़ाने में हमारी लापरवाही की बड़ी भूमिका होती है, जिसमें सड़कों पर बढ़ते वाहनों का दबाव भी शामिल है। जिसके मूल में हमारी लचर सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था भी है। हालांकि, राजधानी समेत कई अन्य राज्यों में मेट्रो ट्रेन शुरू होने के बाद प्रदूषण में काफी कमी आई है। इस दिशा में हमें दीर्घकालीन नीतियों के बारे में सोचना होगा। हमारी कोशिश हो कि घनी आबादी के बीच चलायी जा रही औद्योगिक इकाइयों को शहरों से दूर स्थापित किया जाए। हमारे उद्यमियों को भी जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रदूषण नियंत्रण में योगदान देना चाहिए। नीति-नियंताओं को सोचना चाहिए कि प्रदूषण में अप्रत्याशित वृद्धि के बाद दिल्ली आदि शहरों में चलाये जाने वाले ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान यानी ग्रेप जैसी व्यवस्था को नियमित रूप से लागू क्यों नहीं किया जा सकता। हालिया कुछ अध्ययनों में बताया गया है कि बढ़ता प्रदूषण नवजात शिशुओं तथा बच्चों की जीवन प्रत्याशा पर बुरा प्रभाव डाल रहा है। ऐसे में हमें पराली के निस्तारण, औद्योगिक कचरे के नियमन तथा कार्बन उत्सर्जन करने वाले ईंधन पर रोक लगाने जैसे फौरी उपाय तुरंत करने चाहिए। ऐसे तमाम प्रदूषण स्रोतों को नियंत्रित करने की जरूरत है जो हमारे जीवन पर संकट पैदा कर रहे हैं।

## शख्सियत | दुष्यंत कुमार

### महान गजलकारों में सबसे श्रेष्ठ



दुष्यंत कुमार हिंदी कवि एवं गजलकार थे। भारत के महान गजलकारों में उनका नाम सबसे ऊपर आता है। हिंदी गजलकार के रूप में जो लोकप्रियता दुष्यंत कुमार को मिली वो दशकों में शायद ही किसी को मिली हो। वह एक कालजयी कवि थे और ऐसे कवि समय काल मे परिवर्तन होने के बाद भी प्रासंगिक रहते हैं। इनकी कविता एवं गज़ल के स्वर आज तक संसद से सड़क तक गुंजते है।

दुष्यंत कुमार का जन्म 1 सितम्बर 1933 को माना जाता है। लेकिन दुष्यन्त साहित्य के मर्मज्ञ विजय बहादुर सिंह के अनुसार इनकी वास्तविक जन्मतिथि 27 सितंबर 1931 है। इनका जन्म उत्तर प्रदेश के बिजनौर जनपद की तहसील नजीबाबाद के ग्राम राजपुर नवादा में हुआ। इनका पूरा नाम दुष्यंत कुमार त्यागी था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा नहटौर, जनपद-बिजनौर में हुई। उन्होंने हाई स्कूल की परीक्षा एन.एस.एम. इन्टर कॉलेज चन्दौसी, मुरादाबाद से उत्तीर्ण की। उच्च शिक्षा के लिए 1954 में उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से हिन्दी में एम.ए. की डिग्री प्राप्त की। अपनी कॉलेज की शिक्षा के समय 1949 में उनका विवाह राजेश्वरी से हुआ। वास्तविक जीवन में दुष्यंत बहुत, सहज, सरल और मनमौजी व्यक्ति थे।

दुष्यंत कुमार ने हिंदी साहित्य में अतुलनीय योगदान दिया। उन्होंने बहुत से नाटक, कविताए, उपन्यास, गजल और लघु कहानियां लिखी। दुष्यंत कुमार ने जिस समय साहित्य की दुनिया में अपने कदम रखे उस समय भोपाल के दो प्रगतिशील शायरों ताज भोपाली तथा कैफ भोपाली का गजलों का दुनिया पर राज था। ऐसे समय में उन्होंने अपनी गजलों के माध्यम से अत्यंत लोकप्रियता हासिल की। उनकी गजलों ने हिंदी गजल को नए आयाम दिए, उसे हर आम आदमी की संवेदना से जोड़ा। उनकी प्रत्येक गज़ल आम आदमी की गजल बन गयी। उनके लेखन में भ्रष्टाचार एक प्रमुख विषय था। दुष्यंत कुमार की कविता उभरती कवियों की पूरी पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा बन गई है। दुष्यंत कुमार की मृत्यु 30 दिसम्बर 1975 को मात्र 42 वर्ष की उम्र में हुई।

# बेहतर आर्थिक उपलब्धियों की आधी सदी



**टीएन निनान**

आज हमें लगता नहीं कि हुआ होगा, लेकिन 50 साल पहले भारत एक निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया था। उस समय आर्थिक संकट और राजनीतिक उथल-पुथल थी। एक साल बाद निर्णायक कार्रवाई के रूप में इंदिरा गांधी ने आपातकाल लागू कर दिया था। लेकिन दो साल से भी कम समय में इस फैसले को वापस ले लिया। जो चीज अधिक दीर्घकालिक साबित हुई व जिस पर उस समय मुश्किल से गौर किया जाता था : इंदिरा गांधी के साफतौर पर झलकते वामपंथी झुकाव वाले चरण से इतर आर्थिक नीति में एक नई दिशा की जरूरत थी। इसके बाद वाले समय में, भारत द्वारा लंबे समय तक आर्थिक मोर्चे पर कमजोर प्रदर्शन करने वाले युग का अंत हुआ और आगे जाकर एक नई 'भारतीय गाथा' का जन्म हुआ।

वर्ष 1970 के दशक के मध्य तक, विश्व अर्थव्यवस्था की तुलना में भारत की प्रगति काफी धीमी थी। 1970 के दशक का उत्तरार्ध संक्रमण काल था, जिसमें युद्ध, कमजोर खेती और यहां तक कि अकाल, भारतीय रुपये का असहनीय अवमूल्यन और तेल पर मिले दो झटकों के रूप में लगभग 15 साल तक संकटकाल बना रहा। जवाहर लाल नेहरू के शुरुआती आशावाद के बाद इनमें से कई घटनाओं ने राष्ट्रीय आत्मविश्वास खोने में योगदान किया था। लेकिन एक बार जब अर्थव्यवस्था स्थिर हो गई, तो उसके बाद लगातार आधी सदी तक बेहतर प्रदर्शन हुआ। विकास दर के मामले में, निम्न-आय और मध्यम-आय वाले देशों के अलावा, कई विकसित अर्थव्यवस्थाओं को भी पीछे छोड़ दिया गया है। परिणामस्वरूप, देश के पास आज एक अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव है, जो इससे पहले कभी नहीं था। फिर भी, निरंतर खराब सामाजिक-आर्थिक मापदंडों और बढ़ती असमानता के कारण यह एक 'चमकदार' रिकॉर्ड नहीं रहा है।

संक्रमण काल से पहले, वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी कम ही रही—इससे पहले की गिरावट धीमी पड़ी, स्थिर हुई और आखिर में सुधरने लगी। वर्ष 1960 में यह 2.7 प्रतिशत से घटकर 1975 में 1.9 फीसदी रही। यहां तक कि 2013 में भी, विश्व जीडीपी में भारत की हिस्सेदारी 1960 की तुलना में मामूली कम थी। अब, 2024 में, यह वैश्विक जीडीपी का 3.5 प्रतिशत है। और चूंकि अर्थव्यवस्था वैश्विक औसत से दोगुनी गति से बढ़ रही है, इसलिए वैश्विक आर्थिक विकास में भारत तीसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता है। प्रति व्यक्ति आय में भी इसी तरह सुधार हुआ है। प्रति व्यक्ति आय के वैश्विक औसत में, 1960 में यह 8.4 प्रतिशत से घटकर 1974 में 6.4 फीसदी रह गई। 2011 में यह मात्रा बढ़कर 13.5 प्रतिशत हो गई और 2023 में यह 18.1 प्रतिशत रही। पिछले पांच दशकों में यह वृद्धि लगभग तीन गुना है। फिर भी अधिकांश देशों में लोग काफी अच्छे जीवन स्तर का आनंद ले रहे हैं। वास्तव में, अफ्रीका और भारत के पड़ोसी दक्षिण एशियाई देशों के अलावा शायद ही कोई ऐसा देश हो जहां प्रति व्यक्ति आय वैश्विक औसत से कम हो। अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है। भारत की गाथा को बदलने वाला मुख्य कारक इसकी जनसंख्या का आकार है। हालांकि, प्रति व्यक्ति आय मामूली है, लेकिन जब इसे 140 करोड़ से गुणा किया जाता है, तो यह भारतीय अर्थव्यवस्था को विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना देती है। वर्तमान में, भारत मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल-स्कूटर के लिए दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। शायद विमानन सेवा और कारों के लिए तीसरे या चौथे स्थान पर। उत्पाद और सेवा बाजार में हुई उल्लेखनीय वृद्धि मध्यम आय वर्ग के आकार में हो रहे विस्तार की बदौलत है। इस वर्ग को सेवा मुहैया करने वाले काम-धंधों से निवेशकों ने बहुत अधिक धन बनाया, जिससे भारत के डॉलर-खरबपतियों की गिनती में बढ़ोतरी हुई (200 की संख्या के साथ भारत दुनिया में तीसरे स्थान पर है) जबकि शेयर बाजार पूंजीकरण के हिसाब से इसकी स्टॉक मार्केट चौथे स्थान पर आती है।

वर्ष 1970 के दशक के मध्य तक, लगभग आधी से अधिक आबादी गरीबी रेखा से नीचे थी। आज, 10 प्रतिशत से भी कम लोग आधिकारिक तौर पर गरीब हैं। भारत का अंतर्राष्ट्रीय उल्लेख अब 'गरीबों का देश' की बजाय एक उभरती हुई शक्ति के रूप में किया जाता है। फिर भी, भारत अपने मानव विकास सूचकांक में केवल 'मध्यम विकास' वाला देश गिना जाता है, जबकि वियतनाम जैसे देशों ने 'उच्च विकास' का दर्जा प्राप्त कर लिया है। अगले एक दशक या उससे अधिक समय तक भारत की 'उच्च विकास' श्रेणी में शामिल होने की संभावना नहीं है—इसके ऊपर विकसित अर्थव्यवस्थाओं वाली 'बहुत उच्च विकास' श्रेणी है, जिसमें जगह बनाने की आकांक्षा हमारा देश रखता है।

हालांकि, यहां भी आंकड़े में सुधार हो रहा है। स्कूली शिक्षा में बिताई औसत अवधि, वर्ष 2010 में 4.4 वर्ष से बढ़कर अब 6.57 वर्ष हो गई है। भारत में प्रति 1,000 व्यक्ति पर एक डॉक्टर है जोकि डब्ल्यूएचओ द्वारा सुझाए अनुपात से अधिक है, और औसत जीवनकाल अंततः 70 वर्ष की सीमा पार कर चुका है। अधिक आय का मतलब है ज्यादा विविधतापूर्ण और समृद्ध खुराक। दूध की खपत 10 गुना बढ़ गई है। इसी तरह मछली का उपभोग भी बढ़ा है, जबकि अंडों की खपत 20 गुना से अधिक बढ़ गई है। इसमें बागवानी—फल और सब्जियों के मामले में तेजी से हुई वृद्धि भी शामिल है। इस बीच, आय के हिस्से के रूप में घरेलू बचत 70 प्रतिशत बढ़ गई है। इन सबसे भी, शायद अधिक महत्वपूर्ण है मानसिकता में आया बदलाव।

तथापि, भारत में कोई गाथा ऐसी नहीं है जिसमें विपरीत दिशा न हो। उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन इससे पहले के सात सालों के मुकाबले बिल्कुल भी नहीं बढ़ा, और गैर-उपभोक्ता वस्तुओं में सालाना वृद्धि औसतन महज 2.8 प्रतिशत हुई है। स्पष्ट रूप से, उपभोक्ता आर्थिक रूप से संत्रास में हैं, विशेषकर आय के निचले स्तर पर—शायद यह स्थिति अच्छी आमदनी बनाने के मामले में यथेष्ट काम न किए जाने को दर्शाती है। केवल इसमें बदलाव आने पर ही अर्थव्यवस्था 7 प्रतिशत से अधिक की दर तक पहुंच सकेगी, जो कभी उच्च विकास वाली अर्थव्यवस्थाओं की वास्तविक पहचान हुआ करती थी।

## सहज योग

# भगवान का प्यार



> ऐसी अनोखी और सुंदर रचना बनी है, जिसके हर परमाणु में एक ब्रह्मांड समाया हुआ है कि वैज्ञानिक समझ नहीं पा रहे हैं कि इसकी उत्पत्ति कैसे हुई। उनका कहना है कि सृष्टि का यह कार्य उनसे नहीं हो सकता।

मैं आप सभी सत्य के खोजियों को नमन करती हूं। आज के विज्ञान के युग में, ईश्वर के बारे में बात करना लगभग हास्यास्पद लगता है और फिर उसके प्रेम के बारे में बात करना और भी अधिक हास्यास्पद लगता है। खासकर भारत में, जैसा कि मैंने कल बताया था, यहां के वैज्ञानिक अभी उस सीमा तक नहीं पहुंचे हैं जहां वे ईश्वर के बारे में सोच सकें। ये दुखद बात है. लेकिन अन्य देशों में, वैज्ञानिक उस बिंदु पर पहुंच गए हैं जहां वे मानते हैं कि वे नहीं जानते हैं कि परे क्या है। वे यह भी कहते हैं,'हमने जो जाना है वह विज्ञान के माध्यम से आता है, यह सच है, लेकिन यह कुछ भी नहीं है। इन सभी चीज़ों का स्रोत एक अजीब चीज़ है, जिसे हम समझ नहीं पा रहे हैं।' उदाहरण के लिए, रसायन विज्ञान के महान वैज्ञानिक कहते हैं कि वे यह नहीं समझ पा रहे हैं कि ये (तत्वों के) आवर्त नियम कैसे बने हैं। ऐसी अनोखी और सुंदर रचना बनी है, जिसके हर परमाणु में एक ब्रह्मांड समाया हुआ है कि वैज्ञानिक समझ नहीं पा रहे हैं कि इसकी उत्पत्ति कैसे हुई। उनका कहना है कि सृष्टि का यह कार्य उनसे नहीं हो सकता। इतना ही नहीं बल्कि हम ये भी नहीं बता सकते कि ये कैसे बना है। यह पृथ्वी इतनी तेजी से घूम रही है और यह ऐसा कैसे कर पाती है और यह गुरुत्वाकर्षण इस पर कैसे काम करता है। हम कह सकते हैं कि, 'यह काम कर रहा है', लेकिन विज्ञान हमें यह नहीं बता सकता कि यह वास्तव में कैसे काम कर रहा है।आइंस्टीन जैसे महान वैज्ञानिक ने बार-बार कहा कि कोई अज्ञात भूमि है जहां से हमें यह ज्ञान मिल रहा है। हम कह सकते हैं कि, 'यह काम कर रहा है', लेकिन विज्ञान हमें यह नहीं बता सकता कि यह वास्तव में कैसे काम कर रहा है।

जो देश विज्ञान की सीमा तक पहुंच गए हैं, उनके पास हर संभव सुविधाएं हैं। वहां भोजन की कमी कोई समस्या नहीं है। लोग कहते हैं कि देश में समृद्धि है और उस समृद्धि ने उन्हें बहुत सारा पैसा दिया है। अतः उनके बच्चे घर-बार छोड़कर संन्यासी बने घूम रहे हैं। कोई भारत आ रहा है तो कोई नेपाल भाग रहा है। वे कह रहे हैं, 'छोड़ो ये सब। हमारे माता-पिता ने सभी पत्थर और ईंटें इकट्ठी कर ली हैं और हम उनका अनुसरण नहीं करने वाले हैं।' लेकिन वह सब छोड़कर वे हिप्पी बन गये हैं और नशा कर रहे हैं।

परन्तु ये सब बातें ईश्वर के अस्तित्व को सिद्ध नहीं कर सकतीं। तर्क-वितर्क और तर्क-वितर्क के बाद ही व्यक्ति उस स्थिति में पहुंचता है, जहां वह कहता है कि इन सबके परे भी कुछ न कुछ जरूर है।लेकिन मैं आपको यह नहीं बताने जा रहा हूं। मैं आपको अनुभव के साकार होने के बारे में बताने जा रहा हूं। कई वर्षों से, हमारे धर्मग्रंथों को भूल जाइए, लेकिन अन्य देशों में भी, महान मनोवैज्ञानिकों और दार्शनिकों ने इस स्थूल अवस्था से सूक्ष्म अवस्था में प्रवेश कैसे किया जाए, इसके बारे में पूछताछ की है। मन और विचार स्थूल हैं इसलिए इन विचारों की सहायता से उस निर्विचार अवस्था में कैसे प्रवेश किया जाए, इस सीमा के साथ अनंत में कैसे प्रवेश किया जाए और इन बंधनों का उपयोग करते हुए असीम में कैसे प्रवेश किया जाए, यह शुरू से ही मानव जाति के लिए एक बड़ी समस्या रही है। और अब मैं इस समस्या का समाधान लेकर आया हूं।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

## जीवन ऊर्जा | ए. सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद : जन्म 1 सितंबर 1896 | जन्म

# समस्त ज्ञान की शुरुआत विनम्रता से होती है

> ए. सी. भक्तिवेदांत, जिन्हें स्वामी प्रभुपाद भी कहा जाता है। उनका जन्म 1 सितंबर, 1896, कलकत्ता में हुआ और मृत्यु 14 नवंबर, 1977, वृंदावन, उत्तर प्रदेश में हुआ। वह भारतीय धार्मिक नेता और लेखक थे, जिन्होंने 1965 में आमतौर पर इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस की स्थापना की थी। इसे हरे कृष्ण आंदोलन के नाम से जाना जाता है।



पुस्तकें आधार हैं, पवित्रता ही शक्ति है, उपदेश ही सार है, उपयोगिता ही सिद्धांत है। समस्त ज्ञान की शुरुआत विनम्रता से होती है। आपको मन के आदेश से नहीं प्रभावित होना चाहिए, बल्कि मन को आपके आदेश से प्रभावित होना चाहिए।

कृष्ण के पवित्र नाम में असाधारण आध्यात्मिक शक्ति है, क्योंकि भगवान का नाम स्वयं भगवान से अलग नहीं है। यदि आप हीरे बेचते हैं, तो आप बहुत सारे ग्राहक होने की उम्मीद नहीं कर सकते। लेकिन ग्राहक न होने पर भी हीरा ही रहता है। हरे कृष्ण मंत्र का यह जाप आध्यात्मिक मंच से किया जाता है और इस प्रकार यह ध्वनि कंपन चेतना के सभी निचले स्तरों - अर्थात् कामुक, मानसिक और बौद्धिक को पार कर जाता है। किसी को नहीं मारना, यही प्यार है। विनम्रता का अर्थ है कि व्यक्ति को दूसरों द्वारा सम्मानित होने की संतुष्टि के लिए चिंतित नहीं होना चाहिए। आस्था किसी दिव्य चीज़ पर अटूट विश्वास है। किसी को वांछनीय और अवांछनीयता पर खुश या परेशान नहीं होना चाहिए, यह जानते हुए कि ऐसी भावनाएं सिर्फ मन द्वारा बनाई जाती हैं। पके फलों से भरा पेड़ फलों के वजन और अपने फलों को दूसरों के लिए सुलभ बनाने की इच्छा के कारण स्वाभाविक रूप से झुक जाता है। सच्चा गुरु भगवान का प्रतिनिधि होता है और वह भगवान के बारे में ही बात करता है और कुछ नहीं। आध्यात्मिक पूर्णता का सर्वोच्च शिखर भगवान के सर्वोच्च व्यक्तित्व का ज्ञान है। जीभ के स्वाद के लिए पशुओं की हत्या करना घोर अज्ञानता है। एक शिष्य आध्यात्मिक गुरु की सेवा केवल उनसे निर्देश प्राप्त करने के उद्देश्य से करता है। एक आध्यात्मिक गुरु जो शत-प्रतिशत कृष्ण भावना भावित है, वह प्रामाणिक आध्यात्मिक गुरु है।

जब आप योजना बनाएं तो बहुत विनम्र रहें, ताकि कृष्ण आपसे प्रसन्न हों। जो कोई भी आध्यात्मिक अनुभूति के उन्नत चरण के लिए अपने दृढ़ संकल्प में स्थिर है और संकट और खुशी के हमलों को समान रूप से सहन कर सकता है वह निश्चित रूप से मुक्ति का पात्र है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# हनुमान चालीसा में हैं सफलता के कई सूत्र

(भाग 2)

आगे पढ़ें हनुमान चालीसा में छिपे मैनेजमेंट के सूत्र

**बिद्यावान गुनी अति चातुर**
**राम काज करिबे को आतुर।**

अर्थआप विद्यावान हैं, गुणों की खान हैं, चतुर भी हैं। राम के काम करने के लिए सदैव आतुर रहते हैं। आज के दौर में एक अच्छी डिग्री होना बहुत जरूरी है। लेकिन चालीसा कहती है सिर्फ डिग्री होने से आप सफल नहीं होंगे। विद्या हासिल करने के साथ आपको अपने गुणों को भी बढ़ाना पड़ेगा, बुद्धि में चतुराई भी लानी होगी। हनुमान में तीनों गुण हैं, वे सूर्य के शिष्य हैं, गुणी भी हैं और चतुर भी ।

**प्रभु चरित सुनिबे को रसिया,**
**राम लखन सीता मन बसिया।**

अर्थआप राम चरित यानी राम की कथा सुनने में रसिक है, राम, लक्ष्मण और सीता तीनों ही आपके मन में वास करते हैं। जो आपकी प्रायोरिटी है, जो आपका



काम है, उसे लेकर सिर्फ बोलने में नहीं, सुनने में भी आपको रस आना चाहिए। अच्छा श्रोता होना बहुत जरूरी है। अगर आपके पास सुनने की कला नहीं है तो आप कभी अच्छे लीडर नहीं बन सकते। कहां कैसे व्यवहार करना है ये ज्ञान जरूरी है।

**सूक्ष्म रुप धरि सियहिं दिखावा,**
**बिकट रुप धरि लंक जरावा।**

अर्थआपने अशोक वाटिका में सीता को अपने छोटे रुप में दर्शन दिए। और लंका जलाते समय आपने बड़ा स्वरुप धारण किया।

कब, कहां, किस परिस्थिति में खुद का व्यवहार कैसा रखना है, ये कला हनुमानजी से सीखी जा सकती है। सीता से जब अशोक वाटिका में मिले तो उनके सामने छोटे वानर के आकार में मिले, वहीं जब लंका जलाई तो पर्वताकार रुप धर लिया। अक्सर लोग ये ही तय नहीं कर पाते हैं कि उन्हें कब किसके सामने कैसा दिखना है। अच्छे सलाहकार बनें।

**तुम्हरो मंत्र बिभीसन माना,**
**लंकेस्वर भए सब जग जाना।**

अर्थविभीषण ने आपकी सलाह मानी, वे लंका के राजा बने ये सारी दुनिया जानती है। हनुमान सीता की खोज में लंका गए तो वहां विभीषण से मिले। विभीषण को राम भक्त के रुप में देख कर उन्हें राम से मिलने की सलाह दे दी। विभीषण ने भी उस सलाह को माना और रावण के मरने के बाद वे राम द्वारा लंका के राजा बनाए गए। किसको, कहां, क्या सलाह देनी चाहिए, इसकी समझ बहुत आवश्यक है।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## प्रेरक प्रसंग

### जैसी करनी वैसी भरनी

एक रात, तीन चोरों ने एक अमीर आदमी के घर से बहुत सारे पैसे चुराए। उन्होंने पैसे एक बैग में डाले और जंगल चले गए। उन्हें बहुत भूख लगी हुई थी। इसलिए, उनमें से एक चोर भोजन खरीदने के लिए पास के गांव में चला गया। अन्य दो चोर पैसे के थैले की देखभाल करने के लिए जंगल में ही रह गए। भोजन के लिए गया चोर ने तरकीब निकाली। उसने एक होटल में अपना खाना खाया। फिर उसने जंगल में अपने दो साथियों के लिए भोजन खरीदा और उस खाने में ज़हर मिला दिया। उसने सोचा, वे दोनों इस जहरीले भोजन को खाएंगे और मर जाएंगे। और मुझे अपने लिए बहुत सारा पैसा मिल जाएगा। इस बीच, जंगल में दोनों चोरों ने अपने साथी को मारने का फैसला किया। उन्होंने सोचा कि वे उन दोनों के बीच पैसे बांट देंगे। उन तीनों दुष्टों ने अपनी क्रूर योजनाओं को अंजाम दिया। जो चोर अपने लिए सारा पैसा चाहता था, वह जहरीले भोजन के साथ जंगल में आया। उसके पहुंचते ही उन दोनों ने उस चोर को मार डाला। फिर उन्होंने जहरीला खाना खाया और मर गए। इस प्रकार, तीनों दुष्टों को उनके किये की सज़ा मिल गयी।

### अंधी नक़ल बुरी है

एक दिन, एक संत अपने शिष्यों के साथ कहीं जाते हुए रास्ते में मछलियों से भरा एक तालाब देखा। वह वहीं रुक गया और मछली से अपना मुँह भरने लगा। शिष्यों ने अपने गुरु का अनुसरण किया। संत ने उनसे कुछ नहीं कहा और कुछ समय बाद आगे बढ़ गए। फिर वे दूसरे तालाब में पहुँचे, जहाँ मछलियाँ नहीं थीं। संत अपने किनारे पर खड़े हो गए और उन मछलियों को बाहर निकालना शुरू कर दिया जिन्हें उन्होंने निगल लिया था। जब शिष्यों ने यह देखा, तो वे चकित हो गए और उन्होंने मछलियों को बाहर निकालने की कोशिश भी की, लेकिन कई कोशिशों के बाद वे केवल कुछ मृत मछलियों को ही निकाल सके। इस पर, संत ने कहा, "मूर्खों, जब तुम नहीं जानते कि मछलियों को पेट में कैसे रखा जाए, तो तुमने मेरी नकल क्यों की?"

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# नाथुला की सैर, यादों का फेर



क्या आपने कभी 14,000 फीट की ऊंचाई पर, बादलों के बीच चलने का सपना देखा है? नाथुला पास की यात्रा इस सपने को हकीकत में बदलने का मौका देती है। सिक्किम के इस ऐतिहासिक दर्रे पर पहुंचकर आप भारत और चीन की सीमा पर खड़े होते हैं, जहां ठंडी हवाएं, बर्फ से ढके पहाड़, और देशभक्ति का अद्भुत अहसास आपका स्वागत करते हैं। आइए, इस रोमांचक सफर पर चलते हैं, जो आपको प्रकृति की गोद में ले जाएगा।

## नाथुला पास की यात्रा: रोमांच और शांति का संगम

नाथुला पास, जो समुद्र तल से 14,140 फीट की ऊंचाई पर स्थित है, सिक्किम के पूर्वी हिस्से में एक अद्भुत स्थल है। यह पास भारत और चीन की सीमा पर स्थित है और ऐतिहासिक सिल्क रूट का एक हिस्सा है। नाथुला का मतलब है ₹जिसका कान खुला हो,₹ जो इस जगह की अद्वितीयता को दर्शाता है।

### ■यात्रा की शुरुआत:

गंगटोक से नाथुला पास की यात्रा लगभग 56 किलोमीटर की है। इस यात्रा में चार से पांच घंटे लग सकते हैं, लेकिन रास्ते की सुंदरता आपको इस सफर को जल्दी खत्म होने नहीं देगी। घुमावदार सड़कें, हरे-भरे पहाड़, और रास्ते में मिलने वाले छोटे-छोटे गांव इस यात्रा को खास बनाते हैं। जैसे-जैसे आप ऊंचाई की ओर बढ़ते हैं, हवा में ठंडक बढ़ने लगती है, और दृश्य और भी मनमोहक हो जाते हैं।

### ■रास्ते में आकर्षण:

नाथुला पास की ओर बढ़ते हुए, आपको त्सोमगो झील देखने का मौका मिलता है। यह झील भी लगभग 12,400 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और सर्दियों में बर्फ से ढक जाती है। झील के पास कई याक सफारी के विकल्प भी होते हैं, जो बच्चों और बड़ों को बहुत पसंद आते हैं। इसके अलावा, बाबा हरभजन सिंह मंदिर भी रास्ते में पड़ता है। यह मंदिर एक भारतीय सैनिक की स्मृति में बना है, जिन्हें स्थानीय लोग भगवान के रूप में पूजते हैं। यहां का माहौल शांत और भक्ति से भरा हुआ होता है।

### ■ नाथुला पास का अनुभव:

जब आप नाथुला पास पहुंचते हैं, तो आपको भारतीय और चीनी सैनिकों को आमने-सामने खड़ा देखकर गर्व का अनुभव होता है। यहां की ठंडी हवा, बर्फ से ढके पहाड़, और सीमा पर लहराता तिरंगा, सब मिलकर एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करते हैं। यहां से आप चीन की सीमा पर स्थित कुछ छोटे गांव भी देख सकते हैं। नाथुला पास पर पर्यटकों के लिए एक छोटा सा मार्केट भी है, जहां आप कुछ यादगार चीजें खरीद सकते हैं। हालांकि, यहां की ऊंचाई पर ऑक्सीजन की कमी हो सकती है, इसलिए ध्यान रखें कि आप ज्यादा ऊंचाई पर ज्यादा समय न बिताएं।

### ■ सावधानियां और महत्वपूर्ण बातें:

नाथुला पास की यात्रा के लिए आपको परमिट की जरूरत होती है, जिसे गंगटोक से लिया जा सकता है। यात्रा के लिए गर्म कपड़े, धूप के चश्मे, और अच्छी क्वालिटी के जूते जरूर साथ रखें, क्योंकि यहां का मौसम बहुत ही ठंडा होता है। सर्दियों में यह पास बर्फ से ढक जाता है, इसलिए नवंबर से अप्रैल तक यह बंद रहता है। सबसे अच्छा समय मई से अक्टूबर के बीच का है, जब मौसम सुहावना रहता है और सड़कें भी खुली रहती हैं।

# दाबेली का मजा, हर रोज़ नया



दाबेली, गुजरात का एक लोकप्रिय और स्वादिष्ट स्ट्रीट फूड है, जिसे हर कोई पसंद करता है। यह एक मसालेदार और कुरकुरी चपाती होती है, जिसे स्वादिष्ट आलू की स्टफिंग से भरा जाता है। यहाँ जानिए दाबेली बनाने की सरल और आसान विधिः

### सामग्री:

- दाबेली बन्स : 6-8 ( सामान्य बन्स या छोटे पाव भी ले सकते हैं )
- उबले आलू : 4 ( छोटे टुकड़ों में कटे हुए )
- प्याज : 1 ( बारीक कटा हुआ )
- टमाटर : 1 ( बारीक कटा हुआ )
- धनिया पत्ते : 1/4 कप ( कटा हुआ )
- ताजा नारियल : 2 टेबलस्पून ( कद्दूकस किया हुआ )
- भुना हुआ मूँगफली : 1/4 कप ( कुटी हुई )
- पुदीना चटनी : 4 टेबलस्पून
- खट्टी मीठी चटनी : 4 टेबलस्पून
- लाल मिर्च पाउडर : 1/2 टीस्पून
- धनिया पाउडर : 1/2 टीस्पून
- जीरा पाउडर : 1/2 टीस्पून
- हल्दी पाउडर : 1/4 टीस्पून
- नमक : स्वादानुसार
- तेल : 2 टेबलस्पून
- प्याज : सजाने के लिए ( बारीक कटा हुआ )
- धनिया पत्ते : सजाने के लिए ( कटा हुआ )

### विधि:

- आलू की स्टफिंग तैयार करें :
- एक पैन में तेल गरम करें।
- उसमें जीरा डालें और उसे चटकने दें।
- अब उसमें प्याज डालें और सुनहरा भूरा होने तक भूनें।
- टमाटर डालें और कुछ मिनट के लिए भूनें।
- उबले हुए आलू डालें और अच्छे से मिलाएँ।
- लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, जीरा पाउडर, हल्दी पाउडर और नमक डालें।
- आलू को अच्छी तरह से मसाले में मिलाएँ और 5 मिनट तक पकाएँ।
- अंत में धनिया पत्ते और ताजा नारियल डालें। अच्छे से मिला लें और आंच से उतार लें।

### दाबेली को असेंबल करें:

- दाबेली बन्स को बीच से चीर लें लेकिन पूरी तरह से न काटें।
- पैन में थोड़े से तेल को गरम करें और बन्स को दोनों तरफ से हल्का कुरकुरा कर लें।
- अब, एक बन्स में आलू की स्टफिंग भरें।
- ऊपर से पुदीना चटनी और खट्टी मीठी चटनी डालें।
- भुनी हुई मूँगफली, प्याज, और धनिया पत्ते डालें।

**सर्व करें:** तैयार दाबेली को गरमागरम सर्व करें। आप इसे ताजे धनिया पत्तों और प्याज के साथ सजाकर और भी स्वादिष्ट बना सकते हैं।

**टिप्स:**
- दाबेली को अधिक कुरकुरी बनाने के लिए बन्स को अच्छे से भूनना न भूलें।
- आप अपनी पसंद के अनुसार चटनी की मात्रा बढ़ा या घटा सकते हैं।
- दाबेली को विशेष रूप से गर्मागरम ही परोसना चाहिए ताकि उसका स्वाद बेहतरीन बना रहे।
- अब आप दाबेली का आनंद अपने घर पर ही ले सकते हैं! यह स्वादिष्ट और मसालेदार स्नैक सभी उम्र के लोगों को पसंद आएगा।

# हरतालिका की चमक में बढ़ाएं खूबसूरती की दमक

हरतालिका तीज का त्योहार जब आता है, तो हर महिला की चाह होती है कि वो इस खास दिन पर सबसे सुंदर और आकर्षक दिखे। इस बार हरतालिका तीज का व्रत 06 सितंबर को किया जाएगा।इस खास दिन पर क्या आप बिना ज्यादा समय लगाए, कमाल का मेकअप लुक पा सकती हैं? बिलकुल! कुछ आसान और असरदार मेकअप हैक्स की मदद से आप अपनी नेचुरल खूबसूरती को निखार सकती हैं और पूरे दिन फ्रेश और ग्लोइंग दिख सकती हैं। आइए जानते हैं कैसे पाएं इस तीज पर परफेक्ट मेकअप लुक, जो सबका ध्यान खींचे।



### ◆अपनी त्वचा को तैयार करें

**साफ़ करें और मॉइस्चराइज करें:** गंदगी और तेल हटाने के लिए अपना चेहरा धोएँ। फिर, अपनी त्वचा को मुलायम रखने के लिए मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें। इससे आपका मेकअप आसानी से टिका रहता है।

**प्राइमर का इस्तेमाल करें:** प्राइमर आपके मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखने में मदद करता है। अपनी त्वचा के हिसाब से प्राइमर चुनें- तैलीय त्वचा के लिए मैटिफाइंग या शुष्क त्वचा के लिए हाइड्रेटिंग।

### ◆ स्मूथ बेस बनाएं

**फाउंडेशन:** अपनी त्वचा के रंग से मेल खाता फ़ाउंडेशन चुनें। इसे स्पंज या ब्रश से समान रूप से लगाएं। बहुत ज़्यादा इस्तेमाल न करें- इसे प्राकृतिक रखें।

**कंसील करें:** डार्क सर्कल, धब्बे या असमान त्वचा को छिपाने के लिए कंसीलर का इस्तेमाल करें। इसे अच्छी तरह से ब्लेंड करें ताकि यह प्राकृतिक दिखे।

### ◆ अपनी आंखों को अलग बनाएं

**आईशैडो:** गोल्ड, ब्रॉन्ज या कॉपर जैसे मिट्टी के रंगों का इस्तेमाल करें। ये शेड पारंपरिक आउटफिट के साथ अच्छे लगते हैं। अपनी पलकों पर हल्का रंग और क्रीज पर गहराई के लिए गहरा शेड लगाएं।

**आई लाइनर और मस्कारा:** विंग्ड आईलाइनर आपके लुक में चार चाँद लगा देता है। अपनी पलकों को घना दिखाने के लिए मस्कारा लगाएं।

### ◆ अपने गालों पर कलर एड करें

**ब्लश:** अपने गालों पर हल्का गुलाबी या पीच ब्लश लगाएं। यह आपको एक स्वस्थ, ताजा लुक देता है।

**हाइलाइट:** अपने चीकबोन्स, ब्रो बोन्स और अपनी नाक के पुल पर हाइलाइटर का इस्तेमाल करें। यह आपके चेहरे को एक सुंदर चमक देता है।

### ◆ होठों को परफेक्ट बनाएं

**लिप लाइनर:** अपने होठों पर लिपस्टिक से मैच करता हुआ लिप लाइनर लगाना शुरू करें। यह आपके होठों को परिभाषित करने में मदद करता है और लिपस्टिक को फैलने से रोकता है।

**लिपस्टिक:** लाल, मैरून या गहरे गुलाबी जैसे पारंपरिक रंग चुनें। अपनी लिपस्टिक लगाएं और टिशू से पोंछ लें। एक और परत लगाएं ताकि रंग गहरा हो जाए।

### ◆ अपना मेकअप सेट करें

**सेटिंग स्प्रे:** अपना मेकअप खत्म करने के बाद, सब कुछ अपनी जगह पर रखने के लिए सेटिंग स्प्रे स्प्रे करें। यह आपके मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखने में मदद करता है, खासकर अगर आप लंबे समय तक बाहर रहने वाले हैं।

### ◆ एक्सेसरीज

**बिंदी और आभूषण:** बिंदी आपके पारंपरिक लुक को पूरा करती है। अपने आउटफिट से मेल खाने वाला चुनें। अपने लुक को बेहतर बनाने के लिए इसे झुमके, चूड़ियों या मांग टीका जैसे आभूषणों के साथ पहनें।

# राशिफल


प्रियंका जैन


**मेष:** पूजा-पाठ व सत्संग में मन लगेगा। आत्मशांति रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। मातहतों का सहयोग मिलेगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

**वृष:** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा। आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**मिथुन:** क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। छोटी सी गलती से समस्या बढ़ सकती है। व्यवसाय

**कर्क:** अज्ञात भय व चिंता रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बगैर मांगे किसी को सलाह न दें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। धनार्जन होगा।

**सिंह:** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था नहीं होने से परेशानी रहेगी। व्यवसाय में कमी होगी। नौकरी में नोकझोंक हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। थकान महसूस होगी। अपेक्षित कार्यों में विघ्न आएंगे।

**कन्या:** उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं।

**तुला:** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यवसाय में जल्दबाजी से काम न करें। चोट व दुर्घटना से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर स्थिति मनोनुकूल रहेगी।

**वृश्चिक:** प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्य की समस्याएं दूर होंगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। कर्ज में कमी होगी। संतुष्टि रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। अपना प्रभाव बढ़ा पाएंगे।

**धनु:** घर-बाहर अशांति रहेगी। कार्य में रुकावट होगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा। लोगों से कहासुनी हो सकती है। दुःखद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी। व्यवसाय से संतुष्टि नहीं रहेगी।

**मकर:** पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी।

**कुंभ:** स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है। प्रतिद्वंद्विता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग समय पर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक-ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मीन:** मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में सुकून रहेगा।

# जन्म कुंडली के किस भाव को अत्यंत शुभ माना गया ?

लग्नेश को 6, 8, 12 भाव के स्वामित्व का दोष नहीं लगता।

5. परस्पर कारकः जब ग्रह अपनी उच्च, मूलत्रिकोण या स्वराशि के होकर केंद्र में स्थित होते हैं तो 'परस्पर कारक' (सहायक) होते हैं। दशम भाव में स्थित ग्रह अन्य कारकों से अधिक फलदायी होता है। कुछ आचार्य पंचम भाव में बलवान शुभ ग्रह को भी 'कारक' की संज्ञा देते हैं। 'मारक ग्रह' ज्योतिष ग्रंथों के अनुसार निम्न ग्रह पीड़ित होने पर अधिक हानिकारक (मारक) बन जाते हैं:-

1. अष्टमेश
2. अष्टम भाव पर दृष्टिपात करने वाले ग्रह।
3. अष्टम भाव स्थित ग्रह
4. द्वितीयेश और सप्तमेश
5. द्वितीय और सप्तम भाव स्थित ग्रह
6. द्वादशेश
7. 22वें द्रेष्कॉण का स्वामी
8. गुलिका स्थित भाव का स्वामी
9. 'गुलिका' से युक्त ग्रह।
10. षष्ठेश, व षष्ठ भाव में स्थित पापी ग्रह आदि।

**'कारक' व 'मारक' फलादेश**

1. एक बली 'कारक' ग्रह अपनी भाव स्थिति, स्वामित्व भाव और दृष्ट भाव को शुभता प्रदान करता है।
2. केंद्र (1, 4, 7, 10) भाव में स्थित 'कारक' की दशा पूर्ण शुभ फल देती है। पनफर (2, 5, 8, 11) भाव में स्थित 'कारक' की दशा मध्यम फल' और अपोक्लिम (3, 6, 9, 12) भाव में स्थित 'कारक' की दशा साधारण फल देती है। यह फलादेश ग्रह की दशा-भुक्ति में जातक को प्राप्त होता है।
3. पापकत्तरी योग में तथा पाप दृष्ट 'कारक' के शुभ फल में कमी आती है।
4. वक्री 'कारक' शुभ ग्रह अधिक शुभ फलदायी होता है।
5. किसी भाव का 'कारक' यदि उसी भाव में स्थित हो तो उस भाव संबंधी फल में कमी या कठिनाई देता है। यह स्थिति 'कारको भाव नाशाय' के नाम से प्रसिद्ध है।
6. एक 'कारक' ग्रह की दशा में अन्य 'कारक' की भुक्ति उत्तम फलदायी होती है।
7. 'कारक' ग्रह की दशा में संबंधित 'मारक' ग्रह की भुक्ति निम्न फल देती है।
8. यदि 'कारक' और 'मारक' ग्रहों में दृष्टि आदि का संबंध न हो तो 'मारक' ग्रह की भुक्ति कष्टकारी होती है।
9. एक 'मारक' ग्रह की दशा में अन्य 'मारक' ग्रह की भुक्ति अत्यंत अशुभ फल देती है।
10. जब किसी भाव का 'कारक' उस भाव से 1, 5, 9 भाव में गोचर करता है और बलवान (स्वक्षेत्री या उच्च) होता है तो उस भाव का उत्तम फल व्यक्ति को मिलता है।
11. गोचर में भावेश और भाव 'कारक' की युति, दृष्टि आदि संबंध होने पर उस भाव संबंधी शुभ फल प्राप्त होता है।





प्रियंका जैन
9769994439

# रुबीना फ्रांसिस ने भारत को दिलाया पांचवां मेडल



## ■ 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता कांस्य पदक

**एजेंसी । पेरिस**

भारतीय महिला निशानेबाज रुबीना फ्रांसिस ने शनिवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की निशानेबाजी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। भारत की रुबीना फ्रांसिस ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 फाइनल में 211.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। भारत ने टोक्यो पैरालंपिक में निशानेबाजी में दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते थे। वहीं पेरिस पैरालंपिक में भारत एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीत चुका है।

### निशानेबाजी में चौथा पदक

*यह पेरिस पैरालंपिक में भारत का निशानेबाजी में चौथा और कुल मिलाकर पांचवां पदक था।सरेह जावनमर्दी ने इस स्पर्धा में पैरालंपिक स्वर्ण पदकों की हैट्रिक बनाते हुए फाइनल में आसानी से जीत हासिल की। उन्होंने 2016 में रियो और 2021 में टोक्यो में भी गोल्ड मेडल जीते थे। रुबीना ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 के क्वालिफिकेशन राउंड में 556 अंक का स्कोर बनाया एवं सातवें स्थान पर रही।*

### स्वरुप उनहालकर पेरिस पैरालंपिक से बाहर



एक अन्य मैच में भारतीय पुरुष निशानेबाज स्वरुप उनहालकर पेरिस पैरालंपिक से बाहर हो गए है। स्वरुप ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 क्वालिफिकेशन राउंड में 613 .4 का स्कोर बनाया एवं 14वें स्थान पर रहे। इस हार के साथ ही स्वरूप उनहालकर का अभियान समाप्त हो गया।

# बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम और नितेश सेमीफाइनल में पहुंचे





**एजेंसी । पेरिस**

भारत के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम और नितेश कुमार पुरुष एकल के अपने-अपने वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए, जबकि मनदीप कौर ने महिला एकल एसएल3 स्पर्धा में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया की विनोट सेलीन ऑरेली को हराकर महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पिछले साल चीन में एशियाई पैरा खेलों में रजत पदक जीतने वाले एसएल 3 वर्ग के खिलाड़ी नितेश कुमार ने पुरुष एकल एसएल3 वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच जगह बना ली है। नितेश ने थाईलैंड के बुनसुन मोंगखोन को सीधे गेम में 21-13, 21-4 से हराया और अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहे। भारत के एक अन्य बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम ने पुरुष एकल एसएल4 स्पर्धा का ग्रुप चरण मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सुकांत ने थाईलैंड के सिरिपोंग को 21-12, 21-12 से हराया। तीन खिलाड़ियों के ग्रुप में यह उनकी लगातार दूसरी जीत थी। सुकांत ने पिछले साल चीन में एशियाई पैरा खेलों में कांस्य पदक जीता था।

### मनदीप कौर भी आगे बढ़ने में सफल रहीं

*मनदीप ने अपनी ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ ग्रुप बी में अपना आखिरी मैच 21–23, 21–10, 21–17 से जीता। वह अपना पहला मैच नाइजीरिया की बोलाजी मरियम से हार गई थीं। क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए भारतीय खिलाड़ी के लिए यह मैच जीतना जरूरी था। उन्होंने तीन खिलाड़ियों के ग्रुप बी में दूसरा स्थान हासिल किया। मरियम ने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। एसएल3 मिश्रित युगल के एक अन्य मैच में नितेश कुमार और थुलासिमथी मुरुगेसन को फ्रांस के फॉस्टीन नोएल और लुकास मजूर से 22–24, 19–21 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में एकमात्र जीत नित्या सिवान सुमाथी और सिवाराजन सोलाईमलाई ने हासिल की। उन्होंने ग्रुप बी में थाईलैंड के नत्थापोंग मीचाई और चाई सेयांग को 21–7, 21–17 से हराया।*

# अमेरिकी ओपन : भांबरी और अल्बानो ने तीसरे राउंड में की एंट्री

### ▸▸ पहला सेट गंवाने के बाद किया कमाल





**एजेंसी । वाशिंगटन**

भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटी की जोड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके ऑस्टिन क्राजिस्क और जीन जूलियन रोजर को हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के तीसरे दौर में जगह बनाई। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने अमेरिका के क्राजिसेक और नीदरलैंड के जीन जूलियन रोजर की 15वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को 4-6, 6-3, 7-5 से हराया। यह केवल दूसरा अवसर है जब भांबरी किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पहुंचे हैं। इससे पहले वह 2014 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भी इसी चरण में पहुंचे थे। रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी भी स्पेन के रॉबर्टो कार्बालेस बेना और अर्जेंटीना के फेडेरिको कोरिया पर 6-2, 6-4 से जीत के साथ तीसरे दौर में पहुंच गई है।


### श्रीराम बालाजी टूर्नामेंट से बाहर

भारत के एक अन्य खिलाड़ी एन श्रीराम बालाजी और अर्जेंटीना के उनके जोड़ीदार गुइडो आंद्रेओज़ी दूसरे दौर में न्यूजीलैंड के माइकल वीनस और ग्रेट ब्रिटेन के नील स्कूपस्की से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। भारत और अर्जेंटीना की जोड़ी दूसरे दौर के मैच में 6–7 (4), 4–6 से हार गई। वीनस और स्कूपस्की को सात ब्रेक प्वाइंट मिले जिसमें से उन्होंने एक को भुनाया। बालाजी और आंद्रेओज़ी सर्विस ब्रेक के अपने एकमात्र अवसर को भुनाने में असफल रहे।

# जोंटी रोड्स ने रवींद्र जडेजा को बताया मॉडर्न क्रिकेट का बेस्ट फील्डर

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

इसमें कोई शक नहीं है कि साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर जोंटी रोड्स क्रिकेट के सबसे महान फील्डर हैं, लेकिन जब बात मॉडर्न क्रिकेट की हो तो बेस्ट फील्डर के रुप में कई नाम सामने आते हैं। पहले क्रिकेट में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया की फील्डिंग की सबसे ज्यादा तारीफ होती थी लेकिन अब टीम इंडिया ने भी फील्डिंग में अपना लेवल काफी ऊंचा कर लिया है। यही वजह है कि टीम इंडिया अब फील्डिंग के मामलें में बाकी टीमों को कड़ी टक्कर देती नजर आती है।



### रैना के बाद ये भारतीय फील्डर बेस्ट

इस बीच जोंटी रोड्स ने मॉडर्न क्रिकेट के बेस्ट फील्डर का नाम का खुलासा किया है। जोंटी बेस्ट 35 साल के भारतीय ऑलराउंडर को आज के दौर का बेस्ट फील्डर करार दिया है। अपने जमाने के सर्वश्रेष्ठ फील्डर रहे जोंटी रोड्स ने रवींद्र जडेजा को मौजूदा दौर का बेस्ट फील्डर चुना है। रोड्स ने संवाददाताओं से कहा कि जिन दो खिलाड़ियों की उन्होंने हमेशा फील्डर के तौर पर तारीफ की है, उनके नाम हैं सुरेश रैना और रविंद्र जडेजा। उन्होंने कहा कि दोनों ही सर्वश्रेष्ठ भारतीय फील्डर हैं, लेकिन जब बात मॉडर्न क्रिकेट की हो, तो निश्चित रूप से सर्वश्रेष्ठ फील्डर रविंद्र जडेजा होंगे, जिन्हें सभी लोग प्यार से सर जडेजा कहते हैं।

***जडेजा हर पॉजिशन पर बेस्टः*** *रोड्स ने जडेजा को बेस्ट फील्डर बताने के पीछे की वजह का भी खुलासा किया। उन्होंने कहा कि वह जडेजा को बेस्ट फील्डर इसलिए मानते हैं क्योंकि वो किसी भी पॉजिशन पर फील्डिंग कर सकते हैं। उन्हें मिड–विकेट, लॉन्ग–ऑन या शॉर्ट कवर पर फील्डिंग के लिए खड़ा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जडेजा के पैर इतने तेज हैं कि जब गेंद उनके पास आती है तो बल्लेबाज डर जाता है। इसलिए फील्डिंग में गेंद को पकड़ने या फेंकने से ज्यादा यह बात मायने रखती है कि आप कितनी जल्दी गेंद तक पहुंचते हैं। और यहीं पर जडेजा बेस्ट हैं।*

# बाबर आजम ने फिर किया निराश

**एजेंसी । रावलपिंडी**

बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में हार के बाद पिछड़ने वाली पाकिस्तानी टीम के लिए दूसरे टेस्ट की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही है। एक बार फिर पाकिस्तान के बल्लेबाज बड़ी पारियां खेलने में नाकाम रहे लेकिन सबसे ज्यादा निराश इस बार भी टीम के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम ने किया है। रावलपिंडी में



शनिवार 31 अगस्त से मुकाबले की शुरुआत हुई और पाकिस्तानी बल्लेबाज फिर बांग्लादेशी गेंदबाजों के आगे सरेंडर करते दिखे। टीम के कप्तान शान मसूद और युवा ओपनर साइम अयूब ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं लेकिन बाबर आजम एक बार फिर इस काम में नाकाम रहे। इस तरह 615 दिन से बाबर की नाकामी का सिलसिला जारी है। रावलपिंडी में ही खेले जा रहे इस दूसरे टेस्ट मैच का पहला दिन तो पूरी तरह बारिश की भेंट चढ़ गया था, जिसने पाकिस्तान की सीरीज में वापसी की उम्मीदों को झटका दिया था।

# 20 ओवर में दिल्ली की टीम ने ठोक दिए 308 रन

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली प्रीमियर लीग में शनिवार को नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स और साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स के बीच हुए मुकाबले के दौरान टी20 क्रिकेट के इतिहास के कई रिकॉर्ड ध्वस्त हो गए। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने टी20 क्रिकेट के इतिहास का दूसरा बड़ा स्कोर बना दिया है। आयुष बदोनी के नेतृत्व वाली साउथ दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 308 रन बनाए। साउथ की ओर से प्रियांश आर्या और कप्तान आयुष बदोनी ने शतकीय पारी खेली। बाएं हाथ के बल्लेबाज प्रियांश आर्या ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान एक ही ओवर में 6 छक्के लगाए हैं। प्रियांश आर्य और आयुष बदोनी के बीच 286 रनों की विशाल साझेदारी हुई।

# 2024 में सिनेमाघरों में धमाल मचाएंगी ये फिल्में

*हिंदी सिनेमाप्रेमियो के साल 2024 के बचे हुए दिन गुलजार होने वाले हैं। कुछ मच अवेटेड सीक्वल्स और फिल्में बैक-टु-बैक रिलीज होंगी। साल 2024 को सीक्वल्स का इयर कहा जाए तो गलत नहीं होगा। स्त्री 2 के जबरदस्त क्रेज के बाद आने वाले महीनों में कुछ धमाकेदार फिल्में और कुछ मच अवेटेड सीक्वल्स रिलीज होने वाले हैं। यहां आप देख सकते हैं फिल्मों के नाम और रिलीज डेट।*








**इमरजेंसीः** अपकमिंग फिल्मों की बात करें तो कंगना रनौत की इंमरजेंसी 6 सितंबर 2024 को रिलीज हो रही है। कंगना मूवी में इंदिरा गांधी के रोल में नजर आएंगी। फिल्म के कॉन्टेंट पर कुछ लोग आपत्ति जता रहे हैं, वहीं कंगना के फैन्स मूवी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

**मेट्रो इन दिनोंः** सितंबर में ही सारा अली खान, अनुपमा खेर, अली फजल, पंकज त्रिपाठी स्टारर 'मेट्रो इन दिनों' रिलीज हो रही है। मूवी का जॉनर ड्रामा रोमांस है और रिलीज डेट 13 सितंबर 2024। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म लाइफ इन अ मेट्रो का सीक्वल है।





**जिगराः** आलिया भट्ट और वेदांग रैना की फिल्म जिगरा 11 अक्टूबर 2024 को रिलीज हो रही है। यह एक्शन मूवी है। राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की कॉमेडी, ड्रामा फिल्म विकी विद्या का वो वाला वीडियो भी 11 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।

**सिंघम अगेनः** रोहित शेट्टी की एक्शन, ड्रामा फिल्म सिंघम अगेन दिवाली 2024 के आसपास थिएटर्स में होगी। मूवी में दीपिका पादुकोण, अक्षय कुमार, करीना कपूर, रणवीर सिंह, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ लीड रोल में हैं। टाइटल से ही पता चल रहा है, फिल्म सीक्वल है।

**धड़क 2ः** धड़क का सीक्वल धड़क 2 नवंबर 22 को रिलीज हो रहा है। फिल्म के लीड एक्टर्स तृप्ति डिमरी, सिद्धांत चतुर्वेदी हैं। यह रोमांटिक फिल्म होगी। भूल भुलैया 3 के आने की खबरें भी नवंबर या दिवाली के आसपास थीं हालांकि मेकर्स ने डेट कन्फर्म नहीं की है।

**छावा, पुष्पाः** विकी कौशल की एक्शन, ड्रामा, हिस्ट्री फिल्म छावा 6 दिसंबर 2024 को रिलीज होने वाली है। अगर पुष्पा 2 की डेट्स ना बदलीं तो इसका छावा के साथ क्लैश हो सकता है। मेकर्स 6 दिसंबर को पुष्पा के रिलीज की घोषणा कर चुके हैं।

**वेलकम टु द जंगलः** अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, संजय दत्त, अरशद वारसी, परेश रावल, जॉनी लिवर स्टारर कॉमेडी फिल्म 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में होगी। यह वेलक फिल्म की तीसरी इंस्टॉलमेंट है।





# 'कुली' के साथ 38 साल बाद साथ आएंगे सत्यराज-रजनीकांत



*लोकेश कनगराज के निर्देशन में बन रही रजनीकांत अभिनीत गैंगस्टर एक्शन ड्रामा 'कुली' अपनी दमदार स्टारकास्ट को लेकर सुर्खियों में है। निर्माता एक के बाद एक किरदार की झलक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए पेश कर रहे हैं। बीते दिन फिल्म से श्रुति हासन के जुड़ने की पुष्टि हुई। साथ ही साफ हो गया कि मूवी में वह प्रीति के किरदार में नजर आएंगी। अब 'कुली' से अनुभवी अभिनेता सत्यराज के किरदार का लुक भी जारी कर दिया गया है। फिल्म में वह राजशेखर नाम के शख्स की भूमिका निभाते नजर आएंगे।*

### सत्यराज के किरदार से उठा पर्दा


लोकेश कनगराज ने सत्यराज के किरदार राजशेखर का लुक रिवील करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स का सहारा लिया। साथ ही उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'सत्यराज सर को कुली के कलाकारों में राजशेखर के रूप में शामिल करके बहुत खुशी हुई।' पोस्टर में सत्यराज एक बिजली के तार को ध्यान से देखते नजर आ रहे हैं, जो थोड़ा सा कौतुहल पैदा कर रहा है।

### 38 साल बाद साथ आ रहे सत्यराज–रजनीकांत

'कुली' 38 साल के अंतराल के बाद सत्यराज और रजनीकांत के ऑनस्क्रीन पुनर्मिलन का प्रतीक है। सत्यराज ने अपने करियर की शुरुआत सहायक भूमिकाएं निभाकर की और बाद में खुद को खलनायक भूमिकाओं में एक कुशल अभिनेता के रूप में स्थापित किया। अपने करियर की शुरुआत में, उन्होंने रजनीकांत के साथ स्क्रीन स्पेस साझा किया। 'मिस्टर भरत' में उनका प्रदर्शन तमिल सिनेमा के प्रशंसकों के बीच काफी चर्चित रहा।

# राजकुमार राव बनेंगे 'मालिक'

*अभिनेता राजकुमार राव इन दिनों चर्चा में हैं और हों भी क्यों न, उनकी फिल्म 'स्त्री 2' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर जो साबित हुई है। 15 अगस्त को रिलीज हुई यह फिल्म टिकट खिड़की पर पहले ही दिन से अपना कमाल दिखा रही है। इसी बीच राजकुमार ने अपने जन्मदिन पर दर्शकों को अपनी नई फिल्म की सौगात दी है। उन्होंने फिल्म से अपना नया पोस्टर सोशल मीडिया पर साझा कर अपनी नई फिल्म का नाम बताया है।*



### शुरू हो गई फिल्म की शूटिंग

फिल्म का पोस्टर साझा कर राजकुमार ने लिखा, 'मालिक की दुनिया में आपका स्वागत है। शूटिंग शुरू हो चुकी हैं। आपसे जल्द ही मुलाकात होगी।' फिल्म के पहले पोस्टर में जहां राजकुमार का चेहरा नहीं दिख रहा था, वहीं दूसरे पोस्टर में उनका चेहरा भी नजर आ रहा है। हाथ में बंदूक थामे राजकुमार का टशन देखते ही बनता है। जीप के ऊपर खड़े कुर्ता–पायजामा में राजकुमार का स्वैग देखने लायक है।

### फिल्म का पोस्टर देख उत्साहित हो उठे प्रशंसक

राजकुमार का पोस्टर देख प्रशंसक उनकी इस फिल्म को लेकर उतावले हो रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'जन्मदिन आपका और गिफ्ट भी आपने दे दिया, वो भी इतना शानदार।' एक ने लिखा, 'वाह! मालिक के आगे सजदा करना तो बनता है।' एक ने लिखा, 'ये फिल्म खतरनाक होने वाली है।' एक ने लिखा, 'राजकुमार सर आप आग हैं। आपको जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं।' कुल मिलाकर अपनी इस फिल्म से राजकुमार ने अपने प्रशंसकों का दिन बना दिया है।

# लोगों को नहीं पसंद आया मिर्जापुर 3 का बोनस एपिसोड

*अली फजल, पंकज त्रिपाठी स्टारर वेब सीरीज 'मिर्जापुर' को लेकर सीरीज के मेकर्स ने हाल ही में एक ऐलान किया था, जिसने सीरीज के दर्शकों की दिल की धड़कनें बढ़ा दी थीं। मेकर्स की ओर से हाल ही में सीरीज के तीसरे सीजन के बोनस एपिसोड का ऐलान किया गया, जिसके बाद दर्शक बेसब्री से मिर्जापुर 3 के बोनस एपिसोड का इंतजार करने लगे। लेकिन, कुछ बोनस एपिसोड देखने के बाद कुछ यूजर्स की पूरी उम्मीद मिट्टी में मिल गई। क्योंकि, उन्हें उम्मीद थी कि मेकर्स बोनस एपिसोड में कुछ नया लेकर आएंगे। लेकिन, जैसे ही मिर्जापुर 3 का बोनस एपिसोड स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर जारी किया गया, लोगों को ठगा हुआ सा महसूस होने लगा। दरअसल, दर्शकों को उम्मीद थी कि मेकर्स बोनस एपिसोड में अपकमिंग सीजन को लेकर कुछ हिंट दे सकते हैं। लेकिन, इसमें दर्शकों को कुछ खास नहीं मिला। ऐसे में नेटिजंस ने सोशल मीडिया पर मिर्जापुर 3 के बोनस एपिसोड को लेकर भड़ास निकालना शुरू कर दिया।*



### बोनस एपिसोड देख यूजर्स को आया गुस्सा

प्राइम वीडियो के पोस्ट पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा- 'थर्ड क्लास है बोनस एपिसोड'। एक और यूजर लिखता है- 'बोनस के नाम पर सिर्फ डिलीटेड सीन दिखा दिए।' एक अन्य लिखता है- 'इस बोनस एपिसोड से तो अच्छा मैं आधा घंटा रील्स ही देख लेता। तब इतना पछतावा ना होता मुझे।' वहीं कुछ यूजर तो ऐसे भी हैं, जिन्होंने शो की रेटिंग गिराने की बात कही है और कुछ ऐसे भी यूजर हैं जिन्होंने लोगों से शो का बोनस एपिसोड गलती से भी ना देखने की बात कही है।

### मिर्जापुर 3 में दर्शकों को खली मुन्ना भैया की कमी

*बता दें, जुलाई के शुरुआती हफ्ते में मिर्जापुर के तीसरे सीजन ने दर्शकों के बीच दस्तक दिया था। शो के इस सीजन को दर्शकों से मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला। जहां कुछ को ये सीजन अच्छा लगा तो कुछ ने इसे अब तक का सबसे बोरिंग सीजन बताया। वहीं कुछ ऐसे भी दर्शक थे, जिन्होंने सीरीज में मुन्ना भैया की कमी खलने की बात कही। सीजन 3 देखने के बाद कई दर्शकों ने मुन्ना भैया के किरदार की वापसी की अपील भी की। अब मिर्जापुर 3 का बोनस एपिसोड देखने के बाद ऐसा लगता है कि मेकर्स ने दर्शकों की बात सुन ली है और सीजन 4 में मुन्ना भैया की वापसी तय है।*

# पंचतत्व में विलीन हुए रेवासा पीठाधीश्वर राघवाचार्य महाराज



- हजारों लोगों ने हाथ जोड़ कर दी श्रद्धांजलि
- सीएम भजनलाल शर्मा सहित अनेक नेताओं ने व्यक्त किए शोक

**एजेंसी । सीकर**

प्रदेश में संस्कृत शिक्षा, वेद विद्यालयों की स्थापना और घर-घर में उत्पादकों की पहचान बनाने वाले रेवासा धाम के पीठाधीश्व राघवाचार्य जी का शनिवार को सीकर में निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार रविवार को बैकुंठ रथ यात्रा निकालने के रेवासा मंदिर के पास बावड़ी के प्रांगण में किया गया। पीठाधीश्वर डॉ। राघवाचार्य के निधन की खबर मिलने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शोक व्यक्त किया था, वहीं उनकी अंतिम यात्रा में राज्य के मंत्री, जनप्रतिनिधि, संत, अनुयायी और ग्रामीण शामिल हुए।

### रैवासा के जानकीनाथ मंदिर के थे पीठाधीश्वर



महंत राघवाचार्य सीकर में भगवान राम के सबसे पुराने मंदिर रैवासा के जानकीनाथ मंदिर के पीठाधीश्वर थे। यह मंदिर 1570 में बना था। सबसे प्राचीन पीठ भी यही है। इस जगह ही अग्रदेवाचार्य महाराज ने विवाह, होली के पद बनाए, जिन्हें जनकपुर तक गाया गया। मधुर उपासन का प्रचार भी इसी पीठ से हुआ है। वैष्णव संप्रदाय में 37 में से 12 आचार्य पीठ इसी गद्दी से निकली है।

### राम जन्मभूमि आंदोलन में था बड़ा योगदान

*रैवासा पीठाधीश्वर को अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान राम के मंदिर में उनकी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जाने का निमंत्रण भी मिला था। तब उन्होंने मीडिया को बताया था कि मैं 1984 से इस आंदोलन से जुड़ा था। आज मेरा स्वास्थ्य खराब रहने का एक कारण, वह आंदोलन भी रहा। वहां एक दिन में 10 से ज्यादा सभा करनी पड़ती थी।*

### वेदान्त विषय में गोल्ड मेडलिस्ट थे राघवाचार्य

*राघवाचार्य जी वेदान्त विषय में गोल्ड मेडलिस्ट थे। वे राजस्थान संस्कृति अकादमी के अध्यक्ष भी रहे। इस दौरान उन्होंने राजस्थान में वेदाश्रमों की भी स्थापना की। रैवास वेद विद्यालय में वेदों की शिक्षा लेने वाले स्टूडेंट इंडियन आर्मी से लेकर कई बड़े संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।*

## वेदों के लिए समर्पित रहे



संत राघवाचार्य का जन्म 8 सितंबर 1952 को उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के विरखेड़ा ग्राम में हुआ।

**चित्रकूट से संस्कृत की शिक्षा और वाराणसी में 11 साल तक वेदों का अध्ययन किया।**

साल 1981 में उन्हें वेदान्त विभाग में सबसे ज्यादा नंबर के लिए गोल्ड मेडल मिला।

**राघवाचार्य जी ने अखिल भारतीय संस्कृत प्रतियोगिता में भी गोल्ड मेडल हासिल किया।**

साल 1983 में रैवासा धाम में शालिग्रामाचार्य जी से दीक्षा ग्रहण की।

**25 फरवरी 1984 को रैवासा पीठ के पीठाधिपति बने।**

### सरकारों से लड़कर हमेशा गौ माता का किया संरक्षण

इसके बाद संतों और जनप्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि डॉ। राघवाचार्य जी महाराज ने जीवन भर संस्कृत के लिए कार्य किया। धर्म, राष्ट्र, संस्कृति व राम मंदिर निर्माण में भी उनकी अहम भूमिका रही है। रेवासा धाम वैदिक स्कूल से शिक्षा प्राप्त कर हजारों बच्चे शिक्षित व विकसित हुए हैं। यहां से शिक्षा प्राप्त कर कई छात्र सेना, चिकित्सा व शिक्षा समेत विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। राघवाचार्य जी महाराज ने अपने जीवन में गौ सेवा के लिए अनेक कार्य किए। सरकारों से लड़कर उन्होंने हमेशा गौ माता के लिए अधिक से अधिक अनुदान दिलाने और गौ माता को राष्ट्रीय गौ माता का दर्जा दिलाने का प्रयास किया। उनके इन्हीं कार्यों के कारण आज हजारों की संख्या में वैष्णव संप्रदाय के संत व उनके अनुयायी माथा टेकने आते हैं।



### महंत राजेंद्रदास देवाचार्य ने दी मुखाग्नि

*इसके बाद रेवासा मंदिर के पास बावड़ी के प्रांगण में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। पीठाधीश्वर राघवाचार्य जी महाराज के उत्तराधिकारी महंत राजेंद्रदास देवाचार्य मलूका पीठाधीश्वर बंसीवट वृंदावन धाम ने उन्हें मुखाग्नि दी। इसके साथ ही राघवाचार्य जी महाराज के अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि रेवासा पीठाधीश्वर राघवाचार्य जी महाराज का कल निधन हो गया। उनके निधन पर मुख्यमंत्री के प्रदेश से बाहर होने के कारण मैं प्रतिनिधि के तौर पर महाराज श्री के प्रति संवेदना व्यक्त करने और श्रद्धांजलि देने आया हूं। मैं परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करता हूं कि महाराज श्री को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें। उन्होंने आगे कहा कि पीठाधीश्वर राघवाचार्य जी महाराज ने अपनी सेवाओं के बदले में जो कुछ भी प्राप्त किया है, वह उनके शिष्यों को मिलता रहे। इसके साथ ही ऐसे समय में मैं भगवान से प्रार्थना करूंगा कि उनके शिष्यों को यथाशक्ति प्रदान करें।*

### बैकुंठ रथ यात्रा के किया अंतिम संस्कार

बीते शनिवार को रेवासा पीठाधीश्वर राघवाचार्य जी के निधन के बाद रविवार को सुबह विधि- विधान से अंतिम संस्कार की तैयारी की गई। संत स्नान के बाद रेवासा गांव में बैकुंठ रथ यात्रा निकाली गई। इस रथ यात्रा में प्रदेश के यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाडी, दांतारामगढ़ विधायक वीरेंद्र चौधरी, सीकर नगर परिषद सभापति जीवन खां, जयपुर के हवा महल विधायक बालमुकुंदाचार्य, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल सिखवाल, भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, श्रीकुमार लखोटिया, लोहार्गल महंत अवधेशाचार्य महाराज, अर्जुनदास महाराज, चंद्रमा दास महाराज सहित बड़ी संख्या में साधु-संत, जन प्रतिनिधि अनुयायी और ग्रामीण शामिल हुए।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पश्चिम बंगाल में तीन आईएएस अफसरों को नई जिम्मेदारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने नौकरशाही में फेरबदल करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के तीन वरिष्ठ अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। शुक्रवार रात जारी आदेश के मुताबिक, 1993 बैच के आईएएस अधिकारी अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रभात कुमार मिश्रा को योजना और सांख्यिकी विभाग के अतिरिक्त प्रभार के साथ वित्त विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज पंत को सिंचाई एवं जलमार्ग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, 1993 बैच की आईएएस अधिकारी, अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) रोशनी सेन जल संसाधन जांच एवं विकास विभाग की नई एसीएस और परियोजना निदेशक, एडीएमआई होंगी।

### शशि थरूर की नई पुस्तक लांच

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शुक्रवार को यहां अपनी नवीनतम पुस्तक 'द वंडरलैंड ऑफ वड्र्स का विमोचन किया। एलेफ बुक कंपनी द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक में थरूर ने 101 निबंधों के माध्यम से 'अंग्रेजी भाषा के उत्कृष्ट वंडरलैंड को निर्मित करने वाले शब्दों, अवधारणाओं और विशिष्टताओं का अन्वेषण किया है। थरूर ने कहा- 'मुझे लिखना ही था, इसलिए संयुक्त राष्ट्र में रहने के दौरान उन्हें 'लेखन का लाइसेंस लेना पड़ा। शशि थरूर अपनी शब्दावली के कारण नेटिजेंस और साहित्यकारों के बीच 'शब्द शिल्पी के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने किशोरावस्था से पहले ही लिखना शुरू कर दिया था। कार्यक्रम में थरूर ने कहा, वे 1978 में जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) में एक कर्मचारी के रूप में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने 'किसी भी बाहरी गतिविधि के लिए अनुमति मांगने के लिए कार्मिक प्रमुख से संपर्क किया।

### धर्मेंद्र कुमार बने दिल्ली के नए मुख्य सचिव

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नए मुख्य सचिव को लेकर चल रही असमंजस खत्म हो गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 1989 बैच के आईएएस धर्मेंद्र कुमार को दिल्ली का नया मुख्य सचिव बनाने का आदेश जारी कर दिया है। वर्तमान मुख्य सचिव नरेश कुमार का कार्यकाल 31 अगस्त को खत्म हो गया है। धर्मेंद्र कुमार को नया मुख्य सचिव बनाए जाने के बाद नरेश कुमार को तीसरी बार सेवा विस्तार की चर्चाओं पर भी विराम लग गया है। आदेश के मुताबिक, धर्मेंद्र कुमार को एक सिंतबर यानी रविवार से कार्यभार संभालना है। धर्मेंद्र कुमार एपीएमयूटी कैडर के 1989 बैच के अधिकारी हैं और वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश के मुख्य सचिव हैं।


### पहली बार पति के बाद पत्नी बनेंगी मुख्य सचिव


**कोच्चि।** केरल के इतिहास में पहली बार पति के रिटायर होने के बाद पत्नी मुख्य सचिव बनेंगी। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने शुक्रवार को निवर्तमान मुख्य सचिव वी वेणु के विदाई समारोह के दौरान इस बारे में जानकार दी। वेणु 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होंगे। वेणु की जगह उनकी पत्नी शारदा मुरलीधरन मुख्य सचिव बनेंगी, जो वर्तमान में अतिरिक्त मुख्य सचिव का पद संभाल रही हैं। सीएम ने राज्य में कई ऐसे उदाहरणों का जिक्र किया, जहां दंपतियों ने कलेक्टर का कार्यभार एक से दूसरे को सौंपा हो।

## ओडिशा में शराब दुकानों को ऑर्केस्ट्रा की अनुमति

*नई आबकारी नीति एक सितंबर से लागू होगी*

▸▸ दुकानों में किसी भी प्रकार के नृत्य प्रदर्शन की अनुमति नहीं होगी





**एजेंसी । भुवनेश्वर**

ओडिशा की नई आबकारी नीति में लाइसेंस प्राप्त शराब की दुकानों में संगीत प्रदर्शन और ऑर्केस्ट्रा की अनुमति दी गई है। लेकिन लाइसेंसी शराब की दुकानों में किसी भी प्रकार के नृत्य प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जाएगी। नई आबकारी नीति एक सितंबर से लागू होगी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। शुक्रवार को जारी नई नीति विज्ञप्ति में कहा गया है, किसी भी 'ऑन शॉप (जहां परिसर में ही बैठकर शराब पीने की भी व्यवस्था हो) परिसर में नृत्य प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जाएगी। हालांकि, ऐसी दुकान में ओडिशा आबकारी नियम, 2017 के तहत आवश्यक अनुमति प्राप्त करने के बाद अपने लाइसेंस प्राप्त परिसर के भीतर संगीत प्रदर्शन या ऑर्केस्ट्रा आयोजित किए जा सकते हैं।

## मुस्लिम धर्मगुरुओं ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू से मुलाकात की

**एजेंसी । नई दिल्ली**

देश भर के प्रमुख मुस्लिम धर्मगुरुओं और विद्वानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजिजू से उनके आवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अखिल भारतीय सूफी सज्जादानशीन परिषद के अध्यक्ष और अजमेर दरगाह शरीफ के प्रमुख हजरत सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती ने किया। बैठक का समन्वय भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने किया।



### वक्फ बोर्ड समेत मुस्लिम समुदाय से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

सूत्रों के अनुसार, बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने वक्फ बोर्ड समेत मुस्लिम समुदाय से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। नेताओं ने अपनी चिंताएं बताई और इन्हें दूर करने में सरकार से सहयोग मांगा।

## शेख हसीना के खिलाफ हत्या के तीन और मामले दर्ज

**एजेंसी । ढाका**

बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। शनिवार को उनके खिलाफ हत्या के तीन और मामले दर्ज किए गए।



### अब तक कुल 84 मामले दर्ज

उनके खिलाफ हत्या, अपहरण, नरसंहार के आरोप सहित अब तक कुल 84 मामले दर्ज हो चुके हैं। जिसमें 70 केवल हत्या के आरोप के हैं। हसीना के साथ उनके पूर्व कैबिनेट मंत्रियों के नाम भी इसमें हैं। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के मतिउर रहमान ने चार अगस्त को पार्टी कार्यकर्ताओं-- जुल्कर हुसैन (38), और अंजना (28) की हुई मौत को लेकर किशोरगंज में मामला दर्ज कराया।

## केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पर हमला

▸▸ युवक ने मारा मुक्का हिरासत में आरोपी

**एजेंसी । बेगूसराय**



केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय के सांसद गिरिराज सिंह पर एक युवक ने हमला किया है। यह हमला तब हुआ जब गिरिराज सिंह बेगूसराय के बलिया में जनता दरबार से बाहर निकल रहे थे। युवक ने केंद्रीय मंत्री पर मुक्का मारने की कोशिश की लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उसे तुरंत पकड़ लिया। सामने आए वीडियो में धक्का-मुक्की करते देखा जा सकता है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने केंद्रीय मंत्री की सुरक्षा और कड़ी कर दी। फिलहाल वह बेगुसराय से कहीं और निकल गए।

### गिरिराज ने विपक्ष पर साधा निशाना

केंद्रीय मंत्री सुरक्षित हैं और उन्हें कोई चोट नहीं लगी है। खुद पर हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मीडिया से कहा यह दु:खद घटना है। हो सकता है आरोपी का चेहरा देखने के बाद तेजस्वी और अखिलेश उसके समर्थन में उतरेंगे। फिलहाल आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

## पीएम मोदी ने 3 वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

▸▸ देश में अब 102 वंदे भारत ट्रेनें हुईं

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार (31 अगस्त) को 3 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इवेंट में शामिल हुए। ये तीनों ट्रेनें चेन्नई से नागरकोइल, मदुरै से बेंगलुरु और मेरठ से लखनऊ के बीच चलेंगी। PM मोदी ने इस मौके पर कहा कि वंदे भारत आधुनिक होती भारतीय रेलवे का नया चेहरा है। आज हर रूट पर वंदे भारत की डिमांड है। देशभर में अब 102 वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। 3 करोड़ से ज्यादा लोग इन ट्रेनों से यात्रा कर चुके हैं। वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत पहली बार 15 फरवरी 2019 को मेक इन इंडिया स्कीम के तहत की गई थी। इस समय देश में 100 से ज्यादा वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं।



### रेल मंत्रालय ने कहा- नई ट्रेन स्वदेशी टेक्नोलॉजी से लैस

वंदे भारत ट्रेनों के उद्घाटन से पहले रेल मंत्रालय ने कहा, 'नई वंदे भारत ट्रेनें क्षेत्र के लोगों को स्पीड और आरामदायक यात्रा के साथ वर्ल्ड क्लास ट्रेन का अनुभव भी देंगी। यह ट्रेन स्वदेशी टेक्नोलॉजी से बनी है। इसमें कवच टेक्नोलॉजी, 360 डिग्री घूमने वाली कुर्सियां, दिव्यांगजनों की जरूरत के अनुकूल शौचालय और इंटीग्रेटेड ब्रेल साइनेज लगे हैं।'

## बारिश और गर्मी का अगस्त में टूटा कई साल का रिकॉर्ड

**एजेंसी । नई दिल्ली**

देश में अगस्त महीने में बारिश ने पिछले 23 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। जबकि गर्मी ने 123 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। मौसम विभाग ने शनिवार को बताया कि भारत में अगस्त महीने में सामान्य से लगभग 16 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई, जबकि उत्तर-पश्चिम भारत में 253.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जोकि साल 2001 के बाद अगस्त में दूसरी सबसे अधिक वर्षा है।

### इन इलाकों में कम हुई बारिश

*आईएमडी प्रमुख ने कहा कि हिमालय की तलहटी और पूर्वोत्तर के कई जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई क्योंकि अधिकांश निम्न दबाव प्रणालियां अपनी सामान्य स्थिति से दक्षिण की ओर चली गईं।*

### अगस्त में 287.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई



*आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि देश में अगस्त में 287.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जबकि सामान्य 248.1 मिमी होती है। कुल मिलाकर भारत में 1 जून को मानसून सीजन की शुरुआत के बाद से सामान्य 701 मिमी के मुकाबले 749 मिमी वर्षा हुई है।* उन्होंने यह भी बताया कि देश में मानसून सीजन के दौरान गर्मी ने भी 123 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। आईएमडी ने कहा कि भारत में अगस्त में औसत न्यूनतम तापमान 24.29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो 1901 के बाद सबसे अधिक है।

### सितंबर महीने में इन राज्यों में होगी मूसलाधार बारिश

*मौसम विभाग ने बताया कि सितंबर महीने में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और मध्य प्रदेश में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। इन राज्यों के आस-पास के इलाकों में भी तेज बारिश हो सकती है।*

## भारतीय दूतावास ने संकटमोचक बनकर बचाई जान

▸▸ लाओस में मुश्किल में फंस गए थे 47 लोग

**एजेंसी । विएंतियाने**

लाओस में 47 भारतीय बहुत बुरे काम में फंस गए थे। मगर हमेशा की तरह भारतीय दूतावास उनके लिए संकटमोचक बन गया। दूतावास के अधिकारियों ने 'साइबर स्कैम' केंद्रों में फंसे कम से कम 47 भारतीयों को देश के बोकेओ प्रांत से सुरक्षित निकलने में सफलता पाई है। दक्षिण-पूर्व एशियाई देश में स्थित भारतीय दूतावास ने शनिवार को यह जानकारी दी। भारतीय प्राधिकारी नागरिकों को लाओस में फर्जी नौकरी की पेशकश के प्रति सतर्क करते हुए उनसे धोखाधड़ी से बचने के लिए हर सावधानी बरतने का आग्रह कर रहे हैं।

### अब तक लाओस से 635 भारतीयों को बचाया गया



*बता दें कि भारतीय मिशन ने अब तक लाओस से 635 भारतीयों को बचाया है और उनकी सुरक्षित भारत वापसी सुनिश्चित की है। लाओस में भारतीय दूतावास के एक बयान में कहा कि नए मामले में, दूतावास ने बोकेओ प्रांत में गोल्डन ट्राइंगल विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में साइबर स्कैम केंद्रों में फंसे 47 भारतीयों को बचाया । सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किये गये भारतीय दूतावास के इस बयान में कहा गया है, ''इनमें से 29 को गोल्डन ट्राइंगल एसईजेड में अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई के बाद लाओस के अधिकारियों ने दूतावास को सौंप दिया था, जबकि अन्य 18 ने संकट में होने को लेकर दूतावास से संपर्क किया था।' इसमें कहा गया है कि दूतावास के अधिकारी स्थानीय अधिकारियों से संपर्क करने के लिए राजधानी विएंतियाने से बोकेओ गए थे।*

## बेंगलुरू जा रही इंडिगो के विमान की इंजन में गड़बड़ी



**एजेंसी । कोलकाता**

कोलकाता हवाई अड्डे से शुक्रवार रात बेंगलुरु के लिए रवाना होने के कुछ ही मिनट बाद इंजन में तकनीकी खराबी आ जाने के चलते इंडिगो की एक उड़ान को आपात स्थिति में यहां उतरना पड़ा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंडिगो की उड़ान 6ई0573 कोलकाता के नेताजी सुभाषचंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय (एनएससीबीआई) हवाई अड्डे से रात 10 बजकर 36 मिनट पर बेंगलुरु के लिए रवाना हुई थी लेकिन बाएं इंजन में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण रात 10 बजकर 53 मिनट पर उसे आपात स्थिति में लौटना पड़ा।

### इंडिगों के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

*भारतीय विमानपत्तनम प्राधिकरण के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि इस दौरान आग लगने या चिंगारी निकलने की घटना नहीं हुई। उन्होंने बताया कि 10 बजकर 39 मिनट पर घोषित की गयी आपात स्थिति रात 11 बजकर आठ मिनट पर वापस ले ली गयी। प्रवक्ता ने बताया कि एनएससीबीआई हवाई अड्डे के दोनों रनवे को हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) को सौंप दिया गया है ताकि उन्हें विमान को सुरक्षित रूप से उतरने के लिए उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा, ''पता चला है कि उड़ान भरने के बाद विमान का बायां इंजन खराब हो गया है, जिसके कारण उसे वापस कोलकाता लौटना पड़ा।''*

## पीएच असाध्य रोगों की सूची में शामिल

▸▸ इलाज में 50 लाख तक की मिलेगी सहायता

**एजेंसी । नई दिल्ली**



केंद्र सरकार ने असाध्य रोगों की सूची में प्राथमिक हाइपरऑक्सालुरिया (पीएच) को भी शामिल किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को दिल्ली एम्स समेत देश के 12 संस्थानों को जारी आदेश में कहा है कि पीएच से ग्रस्त मरीजों को राष्ट्रीय दुर्लभ रोग नीति के तहत 50 लाख तक की सहायता की जाएगी। यह सहायता प्रत्यारोपण के लिए सीधे चिकित्सा संस्थान को उपलब्ध कराई जाएगी। पीएच एक दुर्लभ आनुवंशिक विकार है, जो शरीर में बहुत अधिक ऑक्सालेट का उत्पादन के कारण बनता है। इसकी वजह से गुर्दे और मूत्राशय में बार-बार पथरी बनती है, जिससे गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है और गुर्दे की विफलता हो सकती है।